CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 29 | जयपुर, रविवार 15 फरवरी, 2026 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | मूल्य : 1.50 रुपए | पृष्ठ : 8+st

## भजन लाल शर्मा और हेमा मालिनी के बीच मुलाकात, कई बड़े मुद्दों को लेकर दोनों में हुई चर्चा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी के बीच शनिवार को जयपुर में मुलाकात हुई दोनों नेताओं के बीच कई बड़े मुद्दों को लेकर आपस में चर्चा हुई दोनों नेताओं ने एक दूसरे से पूरे आदर भाव और सम्मान के साथ हाथ मिलाया और फिर राजस्थान से जुड़े कई मुद्दों को लेकर दोनों के बीच काफी देर तक बातचीत हुई । बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच जयपुर में फिल्म उद्योग, पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत इत्यादि मुद्दों को लेकर ज्यादा चर्चा हुई है क्योंकि पिछले कुछ महीनो में फिल्म जगत से जुड़े कई बड़े कलाकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर चुके हैं अक्षय कुमार ने भी कुछ महीने पहले भजनलाल शर्मा से मुलाकात की थी इसके अलावा कैसी बोकाडिया और अन्य फिल्म जगत से जुड़े बड़े निर्माता और कलाकार लगातार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर रहे हैं प्रदेश के भजन लाल सरकार जयपुर में फिल्म सिटी के निर्माण की प्रक्रिया में भी जोर-शोर से जुटी हुई है इसलिए शनिवार को जिस तरह से हेमा मालिनी ने भजनलाल शर्मा से मुलाकात की है उसके पीछे भी यही कारण बताया जा रहा है कि कहीं ना कहीं हेमा मालिनी ने भी फिल्म सिटी और फिल्म उद्योग के जयपुर में विस्तार और मजबूती के लिए बातचीत की होगी । जानकार लोगों का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी में हेमा मालिनी को पार्टी के संगठन में भी लंबे समय से बड़ी भूमिका मिलती रही है, पिछले कई सालों से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर चाहे कोई भी नियुक्त रहा हो सभी ने अपनी टीम में हेमा मालिनी को शामिल किया हुआ है इसलिए भाजपा की राष्ट्रीय टीम का हेमा मालिनी लंबे समय से बड़ा हिस्सा बनी हुई है इसलिए उनकी पार्टी में अच्छी पकड़ भी है प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान भी हेमा मालिनी का मूवमेंट रहता है लेकिन पिछले कुछ महीनो में फिल्म जगत से जुड़े कई लोगों के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात करने के बाद अब हेमा मालिनी की मुख्यमंत्री शर्मा से मुलाकात होना कहीं ना कहीं प्रदेश में फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने जैसे विषय को इंगित करता है जानकार लोगों का कहना है कि हेमा मालिनी बहुत कम बार यहां राजस्थान के मुखिया से मुलाकात करती हैं इसलिए जिस तरह से उन्होंने भजनलाल शर्मा से मुलाकात की है तो इस मुलाकात के पीछे कोई ना कोई बड़ा कारण जरूर है द्य उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले हेमा मालिनी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर हिंडौन सिटी के एक पत्र लिखकर भरतपुर के रहने वाले बिजली विभाग के एक कर्मचारी का हिंडौन सिटी से भरतपुर स्थानांतरण करने की सिफारिश की थी यह लेटर सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हुआ था इस लेटर में निरंजन नमक बिजली विभाग के कर्मचारियों का ट्रांसफर करने की सिफारिश हेमा मालिनी ने की थी जानकारी के अनुसार निरंजन की पत्नी अपने भाई के साथ सांसद हेमा मालिनी से मिली थी हालांकि सांसद हेमा मालिनी का निरंजन और उसके परिवार से कोई व्यक्तिगत मुलाकात नहीं थी लेकिन निरंजन की पत्नी अपने भाई को साथ लेकर हेमा मालिनी से मुलाकात करने गई थी जहां उन्होंने हेमा मालिनी को बताया था कि उसके माता-पिता का निधन हो चुका है उसकी 8 महीने की बेटी है उनके पति के हिंडौन सिटी में रहने से उनकी बेटी की देखभाल ठीक तरह से नहीं हो पा रही है इसलिए उनके पति का ट्रांसफर करने की सिफारिश उन्होंने हेमा मालिनी से की थी जिसके बाद हेमा मालिनी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को निरंजन का स्थानांतरण करने के लिए पत्र लिखा था ।

## भजनलाल की औद्योगिक विकास को पंख लगाने के प्रयास, बोर्ड की बैठक में 10 बड़ी परियोजनाओं को दी मंजूरी

### शनिवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित हुई बोर्ड आफ इन्वेस्टमेंट की छठवीं बैठक में कई बड़े निर्णय

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रोजाना कोई ना कोई बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय लेकर एक तरफ जहां प्रदेश की जनता की भलाई और कल्याण का कार्य कर रहे हैं तो दूसरी तरफ प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देकर प्रदेश में रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर पैदा करने के प्रयासों में युद्ध स्तर पर जुटे हुए हैं मुख्यमंत्री शर्मा रोजाना किसी न किसी क्षेत्र में बड़े निर्णय और फैसला ले रहे हैं अभी हाल ही में राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में सरकार की ओर से ऐतिहासिक और शानदार बजट प्रस्तुत किया गया और बजट प्रस्तुत करने के बाद मुख्यमंत्री शर्मा बजट की घोषणाओं को पूरा करने में भी अभी से तत्पर दिख रहे हैं तो दूसरी तरफ शनिवार को मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बोर्ड आफ इन्वेस्टमेंट की छठवीं बैठक आयोजित की गई इस बैठक में कई बड़े निर्णय और फैसले लिए गए जिसमें 10 अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं के कस्टमाइज पैकेज को मंजूरी प्रदान की गई जो यह दिखाती है कि प्रदेश सरकार प्रदेश में औद्योगिक माहौल तैयार करने के लिए कितनी गंभीर और सजग है जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश सरकार एक तरफ राइजिंग राजस्थान में भी समझौते की क्रियान्वयन को लेकर रोजाना उद्योगपतियों को प्रदेश में जमीन आवंटन करने की प्रक्रिया में तेजी से कार्य कर रही है रोजाना करीब 7 से 8 उद्योगपतियों को फैक्ट्रियां स्थापित करने के लिए सरकार की ओर से जमीन उपलब्ध करवाई जा रही है ताकि प्रदेश में जल्दी से जल्दी एक शानदार औद्योगिक माहौल स्थापित हो जिसकी वजह से एक तरफ जहां प्रदेश में रोजगार की समस्या का हमेशा हमेशा के लिए निवारण हो जाएगा तो दूसरी तरफ प्रदेश के राजस्व में भी अच्छी बढ़ोतरी होगी इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के औद्योगिक विकास को तेजी से आगे बढ़ाने के हर संभव जरूरी प्रयास करते हुए दिख रहे हैं इसी क्रम में मुख्यमंत्री शर्मा ने शनिवार को बोर्ड आफ इन्वेस्टमेंट की बैठक में कई बड़े फैसले लिए जिसमें 10 अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं के कस्टमाइज पैकेज को मंजूरी प्रदान करके प्रदेश के औद्योगिक विकास को तेजी से आगे बढ़ाने का अपना कृत संकल्प जाहिर किया । जानकार लोगों का कहना है कि शनिवार को बोर्ड आफ इन्वेस्टमेंट की बैठक में जिन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है यह परियोजनाएं राजस्थान के औद्योगिक विकास के लिए तो वरदान साबित होगी ही इसके अलावा इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से प्रदेश में रोजगार के बहुत अच्छे अवसर पैदा होंगे जिसकी वजह से बड़ी संख्या में बेरोजगारों को रोजगार मिल सकेगा तथा इन परियोजनाओं के शुरू होने से अन्य कई तरह के विकास कार्य संपादित हो सकेंगे जिनकी वजह से प्रदेश का औद्योगिक ढांचा बिल्कुल बदला बदला नजर आने लगेगा जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने पहले शासनकाल में पानी के क्षेत्र में कई बड़े ऐतिहासिक निर्णय और फैसले लिए जिसकी वजह से प्रदेश में सभी हिस्सों में पीने के पानी और खेत में सिंचाई के समुचित पानी उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रदेश भर में अलग-अलग क्षेत्र में कई बड़े प्रोजेक्ट पर कार्य जारी हैं इसके अलावा बिजली के क्षेत्र में भी भजनलाल शर्मा ने अपने शुरू के शासनकाल के पीरियड में अपना ध्यान ज्यादा केंद्रित रखा और बिजली के क्षेत्र में कई बड़े उल्लेखनीय कार्य किया जिसमें सौर ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान पूरे देश में पहले नंबर पर है और प्रदेश के किसानों को भी बिजली उत्पादन के व्यवसाय से जोड़ा गया है इसके बहुत अच्छे परिणाम सामने आए हैं इसी तरह से अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में एक शानदार औद्योगिक माहौल तैयार करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं जिसके अच्छे नतीजे भी सामने आ रही है यही वजह है कि राइजिंग राजस्थान में जो समझौते हुए हैं उनके क्रियान्वयन के लिए देश और विदेश के इन्वेस्टर यहां अपनी औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने के लिए सरकार से बेहतर समन्वय कायम किए हुए हैं इसीका परिणाम है कि राजस्थान सरकार रोजाना 7 से 8 उद्योगपतियों को फैक्ट्री स्थापित करने के लिए प्रदेश में किसी न किसी इलाके में जमीन आवंटित कर रही है शनिवार को आयोजित हुई बोर्ड आफ इन्वेस्टमेंट की बैठक में भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों और लोगों से साफ कहा है कि प्रदेश में एक शानदार और अच्छा औद्योगिक माहौल तैयार करने की दिशा में जितना भी वर्क करना पड़े जितनी भी कोशिश करनी पड़े करें लेकिन प्रदेश के औद्योगिक विकास की रफ्तार को निरंतर तेजी से आगे बढ़ाना ।

## राजस्थान में स्किलिंग मिशन को नई रफ्तार, पीएम-एसईटीयू और अप्रेंटिसशिप पर तेज़ फोकस

### 3 लाख से अधिक युवा प्रशिक्षित, 1 लाख से अधिक अप्रेंटिस सक्रियः स्किलिंग में राजस्थान अग्रणी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्राल ने शनिवार को राजस्थान सरकार के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता तथा शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने की। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के उद्योग और वाणिज्य विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह समीक्षा बैठक कौशल भवन में आयोजित हुई, जिसमें केंद्र-राज्य समन्वय को और मजबूत करने पर विशेष चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में राजस्थान देश के कौशल तंत्र में एक महत्वपूर्ण भागीदार बनकर उभरा है। राज्य में कुल 1,537 आईटीआई संचालित हैं, जिनमें 182 सरकारी और 1,355 निजी संस्थान शामिल हैं। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत राज्य में 3.14 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण,ओरिएंटेशन दिया गया है, जिनमें से 2.50 लाख से अधिक को सफलतापूर्वक प्रमाणित किया गया है। राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 1.04 लाख से अधिक अप्रेंटिस 1,211 सक्रिय प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, तथा 31 जनवरी 2026 तक 24.98 करोड़ रुपए की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से वितरित की गई है। इसके अतिरिक्त, पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 2.51 लाख से अधिक कारीगरों का आकलन किया गया है। नौ जिलों में संचालित जन शिक्षण संस्थानों में लगभग 12,000 अभ्यर्थियों का नामांकन हुआ है, जिनकी प्रमाणन दर उल्लेखनीय रही है।बैठक में प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआई योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई। इस योजना के तहत भारत सरकार ने पाँच वर्षों में 60,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है, जिसके माध्यम से 1,000 आईटीआई एवं 5 राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों का उन्नयन किया जाएगा और 20 लाख युवाओं को आधुनिक एवं उभरते क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाएगा। राजस्थान ने भरतपुर, भिवाड़ी, जयपुर, बालोतरा, कोटा, बीकानेर, जोधपुर और बांसवाड़ा सहित विभिन्न जिलों में आईटीआई क्लस्टर चिन्हित किए हैं, जहाँ 'हब-एंड-स्पोक' मॉडल के माध्यम से उद्योग की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा। जयंत चौधरी ने कहा कि राजस्थान की संस्थागत क्षमता और व्यापक नेटवर्क उसे देश में स्किलिंग परिवर्तन की अग्रिम पंक्ति में खड़ा करता है। उन्होंने गुणवत्ता सुधार, उद्योग भागीदारी और रोजगार आधारित परिणामों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स, ईवी सर्विसिंग और डिजिटल तकनीक जैसे भविष्य के कौशलों को पारंपरिक क्षेत्रों के साथ जोड़ने की बात कही। बैठक में राजस्थान सरकार के प्रतिनिधियों ने कहा कि राजस्थान में 3 लाख से अधिक प्रशिक्षित युवा और 1 लाख से अधिक अप्रेंटिस राज्य की मजबूत कौशल आधारित कार्यशक्ति का निर्माण कर रहे हैं, जो ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रोकेमिकल्स, हस्तशिल्प एवं निर्यात उन्मुख उद्योगों की जरूरतों को पूरा करेगी।बैठक में भरतपुर में एक राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना, एनएसटीआई (महिला) जयपुर तथा एनएसटीआई जोधपुर के उन्नयन पर भी चर्चा हुई। जयपुर और भरतपुर में स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित कर युवाओं के लिए वैश्विक रोजगार के अवसर सृजित करने पर सहमति बनी।बैठक में केंद्र और राज्य सरकारों ने लंबित स्वीकृतियों को शीघ्र पूरा करने, मॉनिटरिंग तंत्र को मजबूत करने और उद्योग सहभागिता को बढ़ाने का निर्णय लिया। यह समीक्षा बैठक भविष्य के लिए तैयार, समावेशी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कार्यबल निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी, जिसमें राजस्थान अग्रणी भूमिका निभाएगा।

## राहुल गांधी की नीति है झूठ बोलो, जोर से बोलो और बार-बार दोहराओः अमित शाह

**कराईकल (एंजेसी )**लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की तरफ से हालिया भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और केंद्र की नीतियों पर दिए बयान के बाद सियासत गरमा गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस मामले में राहुल गांधी को सीधे निशाने पर लिया और झूठ फैलाकर जनता को गुमराह करने का आरोप भी लगाया है। शाह ने शनिवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों में किसानों और मछुआरों के हित पूरी तरह सुरक्षित किए गए हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी आरोप लगाया कि वह झूठ फैला रहे हैं और लोगों को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा की एक रैली में शाह ने कहा कि राहुल गांधी रोजाना झूठ बोलने की नई परंपरा चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की नीति है झूठ बोलो, जोर से बोलो और बार-बार दोहराओ। शाह ने कहा कि लेकिन लोग अब आपकी झूठ फैक्टरी को पहचान चुके हैं। इसके साथ ही शाह ने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत अमेरिका के साथ हाल ही में हुए समझौते में किसानों और मछुआरों के हितों की 100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले यूपीए सरकार के दौरान किसानों के हितों की अनदेखी हुई और उनका फायदा नहीं हुआ। इसके साथ ही अमित शाह ने यह भी भरोसा जताया कि 2029 में भी पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा-नेतृत्व वाली एनडीए सरकार केंद्र में सत्ता में आएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुडुचेरी में आयोजित रैली में पुडुचेरी के तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि नारायणासामी की सरकार ने पुडुचेरी को गांधी परिवार के लिए एक एटीएम बना दिया था। उन्होंने खुलकर कहा कि पीजी और डिप्लोमा सीटों की नीलामी की गई और अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षित सीटें भी अमीरों को बेच दी गईं।

## सीडीएस बोले- युद्ध बयानबाजी से नहीं जीते जाते, उसे साबित करने लिए सबूत जरूरी

नई दिल्ली



**(एंजेसी)**भारत के मौजूदा सर्वोच्च सैन्य अधिकारी जनरल अनिल चौहान ने भारत की सुरक्षा प्रणाली पर बात की। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बढ़ती तकनीक की दुनिया में हमें अपने हवाई सुरक्षा प्रणाली को और मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि जीत सिर्फ कहने से घोषित नहीं होती। जैसा कि हमारे पड़ोस में कुछ लोगों ने किया है, बल्कि सबूतों के जरिए दिखाई जाती है, जैसा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाया था। रणनीति माहौल पर ज़ोर देते हुए, जनरल चौहान ने कहा कि अगले दशक के लिए भारत की डिफेंस पोजीशन को बदलते सुरक्षा माहौल के यथार्थवादी मूल्यांकन से आकार मिलना चाहिए। उन्होंने आगे कहा यह इसलिए ज़रूरी है क्योंकि अभी, अगले दशक के लिए भारत की रक्षा व्यवस्था को इस बात का गंभीरता से आकलन करके आकार मिलना चाहिए कि आगे क्या है, किस तरह की चुनौतियां हैं यहा हमें नहीं पा है। और मेरा मानना है कि यह तेज़ी से प्रतिस्पर्धात्मक, टकराव वाला, लड़ाकू, नाजुक और टेक्नोलॉजिकली बहुत हानिकारक होता जा रहा है। इससे पहले, जनरल चौहान ने कहा कि तेज़ी से बदलते ग्लोबल ऑर्डर में स्थाई दोस्तों या दुश्मनों के बारे में अंदाज़े भरोसे लायक नहीं रह गए हैं, और कहा कि भारत को ज़रूरत पड़ने पर अकेले काम करने के लिए तैयार रहना चाहिए। 'जय से विजय' थीम के बारे में बताते हुए, उन्होंने कहा कि आज के समय में, जीत सिर्फ़ बात करने या प्रतीकात्मक दावों पर नहीं टिक सकती, बल्कि दिखाए गए सबूत और प्रमाणित किए जा सकने वाले नतीजों पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने आगाह किया कि सिर्फ़ आधारभूत संरचना का नष्ट होना या एयरफ़ील्ड को नुकसान पहुंचना ही पक्की जीत नहीं है।

## कांग्रेस विधायक रोहित बोहरा के सदन में अश्लील इशारे करने पर भाजपा युवा मोर्चा में आक्रोश, जिलाधीश कार्यालय पर प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में सदन की कार्रवाई के दौरान अश्लील इशारे करने का आरोप झेल रहे कांग्रेस पार्टी के विधायक रोहित बोहरा की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है अब यह मामला राजनीतिक रूप ले चुका है इस मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा से जुड़े लोगों में गहरा आक्रोश छाया हुआ है युवा मोर्चा के नेताओं का कहना है कि कांग्रेस विधायक ने राजस्थान विधानसभा की गरिमा को तार तार किया है इसलिए कांग्रेस विधायक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए इसी बात को लेकर धौलपुर जिलाधीश कार्यालय पर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के सैकड़ो लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया और कांग्रेस पार्टी के विधायक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की जानकारी के अनुसार शनिवार को रोहित बोर के खिलाफ हुए इस प्रदर्शन से अब यह साफ नजर आने लगा है कि आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा इस मामले को लेकर पूरे प्रदेश भर में प्रदर्शन कर सकते हैं एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजस्थान विधानसभा में रोहित बोहरा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं तो दूसरी तरफ राजस्थान विधानसभा से बाहर भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा से जुड़े लोग इस मामले को लेकर अपनी गहरी नाराजगी जाता रहे हैं इसलिए आने वाले दिनों में यह मामला और भी तूल पकड़ सकता है हालांकि राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देव नानी बार-बार कह चुके हैं कि वीडियो देखने के बाद वे इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करेंगे ।

## नरेंद्र मोदी के नाम एक और नया रिकॉर्ड, नेशनल हाईवे पर पीएम के विमान की हुई लैंडिंग

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपने नाम एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली जब उनके विमान असम में नेशनल हाईवे पर सफल लैंडिंग की यह भारत के इतिहास में पहली बार हुआ है जब देश के प्रधानमंत्री के विमान ने नेशनल हाईवे पर लैंडिंग की हो इसलिए एक और बड़ी उपलब्धि मोदी के अकाउंट में दर्ज हो गई । जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम दौरे के तहत डिब्रूगढ़ पहुंचे उनके दौरे की शुरुआत बेहद रणनीतिक रही जब उनका विमान डिब्रूगढ़ के मोरन बाईपास पर नवनिर्मित इमरजेंसी लीडिंग सुविधा पर उतरा यह पहली बार है कि प्रधानमंत्री का विमान नेशनल हाईवे पर उतरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में शनिवार को 5450 करोड रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन किया उन्होंने डिब्रूगढ़ में पहली आपातकालीन लैंडिंग सुविधा का अवलोकन किया और ब्रह्मपुत्र पर अत्यधिक कुमार भास्कर वर्मा सेतु देश को समर्पित किया पूर्वोत्तर भारत में अपनी तरह की यह पहली सुविधा है जो युद्ध और प्राकृतिक आपदा जैसी स्थितियों में भारतीय वायुसेना के लिए गेम चेंजर साबित होगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मा सेतु का उद्घाटन किया 3030 करोड रुपए की लागत से बना यह छह लेन पुल पूर्वोत्तर का पहला एक्स्ट्रा डोज्ड पुल है इस आधुनिक पुल की मदद से गुवाहाटी और उत्तर गुवाहाटी के बीच का सफर जो कई घंटे में तय होता था अब मात्र 7 मिनट में सिमट जाएगा इसमें भूकंपरोधी तकनीक और रियल टाइम हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को आईआईएम गुवाहाटी का भी उद्घाटन किया जो क्षेत्र में उच्च शिक्षा के मानक बदलेगा इसके अलावा कामरूप जिले में राष्ट्रीय डाटा केंद्र का शुभारंभ किया 8.5 मेगावाट क्षमता वाला यह केंद्र पूर्वोत्तर की सरकारी सेवाओं को डिजिटल रूप से सुरक्षित और मजबूत बनाएगा शहरी परिवहन को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने 225 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी भी दिखाई है इनमें से 100 बस अकेले गुवाहाटी के लिए होगी जबकि बाकी नागपुर भावनगर और चंडीगढ़ के लिए रवाना की जाएगी इस पूरे कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री भी उपस्थित रहे राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि केंद्र की मोदी सरकार अब देश के पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों का विश्वास जीतने के लिए अपनी ओर से भरपूर कोशिश कर रही है इसी का नतीजा है कि पिछले कुछ सालों में देश के कई पूर्वोत्तर राज्यों में केंद्र की मोदी सरकार ने करोड़ों रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया है जिन विकास कार्यों के बारे में पूर्वोत्तर के राज्यों के लोगों ने कभी सपने में भी कल्पना नहीं की थी उन विकास कार्यों का पीएम मोदी ने वहां जाकर शुभारंभ किया है जिसकी वजह से कहीं ना कहीं देश के पूर्वोत्तर राज्यों में केंद्र की मोदी सरकार के प्रति लोगों का भरोसा और विश्वास लगातार मजबूत होता जा रहा है हालांकि असम में एनडीए की सरकार है और यहां भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पकड़ को मजबूत बनाए रखने में तेजी से काम किया है इसलिए असम और आसपास के राज्यों में भी भाजपा अपना जन आधार मजबूत करने की दिशा में एक योजना के अनुसार कार्य कर रही है उसी का परिणाम है कि अभी कुछ दिन पहले पश्चिम बंगाल में मोदी सरकार ने कई तरह की करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ किया था कुल मिलाकर भारतीय जनता पार्टी अब अपना पूरा फोकस देश के पूर्वोत्तर राज्यों के विकास और कल्याण में लगाए हुए हैं ताकि इन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की पकड़ मजबूत हो सके ।

CMYK

## महाशिवरात्रि आजः शिवालयों में उमड़ेगा आस्था का सैलाब, होगी विशेष पूजा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष में मनाई जाने वाली महाशिवरात्रि रविवार 15 फरवरी को बड़ी ही श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर शिवालयों में भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। महाशिवरात्रि पर भक्तजन भगवान शिव का पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद, चीनी/मिश्री) से अभिषेक कर तीन पत्तियों वाला बेलपत्र, धतूरा, पुष्प, आदि अर्पण करेगे।

## अलवर में विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत का सफल आयोजनः

### 100 से अधिक बैंक ऋण प्रकरणों का निस्तारण, 4 करोड़ से अधिक के अवॉर्ड पारित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर द्वारा भारतीय स्टेट बैंक (SBI) एवं आईडीबीआई (IDBI) बैंक के ऋण प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मोहनलाल सोनी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला मुख्यालय पर गठित मुख्य बेंच की अध्यक्षता मोहनलाल सोनी (सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) ने की तथा बेंच सदस्य के रूप में सुषमा गुप्ता (अधिवक्ता) उपस्थित रहीं। इस अवसर पर एसबीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अविनाश अवस्थी, आईडीबीआई बैंक के रिकवरी मैनेजर प्रदीप काला, साहिल अदलखा अधिवक्ता एसबीआई बैंक एवं अन्य बैंक प्रबंधकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन की मुख्य उपलब्धियां : मामलों का निस्तारण लोक अदालत के दौरान आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से 100 से अधिक प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। अवॉर्ड राशि में त्वरित न्याय की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए शनिवार को कुल 4 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के अवॉर्ड पारित किए गए। बेंचों का नेटवर्कः जिला मुख्यालय पर एक मुख्य बेंच के साथ-साथ जिले के लक्ष्मणगढ़, राजगढ़, थानागाजी एवं कठूमर तालुका मुख्यालयों पर 4 अन्य बेंचों का गठन किया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के खाताधारकों को भी लाभ मिला। सचिव ने दिया संदेश : सचिव मोहनलाल सोनी ने बताया कि इस विशेष लोक अदालत के माध्यम से बैंक और ऋणियों के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवादों को आपसी सहमति से समाप्त किया गया है। उन्होंने सफल आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्री-लिटिगेशन स्तर पर ही मामलों का निपटारा होने से न्यायालयों पर मुकदमों का बोझ कम होता है और आमजन को मानसिक व आर्थिक राहत मिलती है।



## कुशालगढ़-थैंक्यू बोर्ड सड़क व भर्तृहरि पुलिया के लिए 25 करोड़ स्वीकृत, विधायक कान्ति प्रसाद मीणा ने जताया आभार

जयपुर टाइम्स

**थानागाजी।(निसं.)** राज्य सरकार की बजट घोषणा 2026-27 में कुशालगढ़ से थैंक्यू बोर्ड तक सड़क निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपये तथा भर्तृहरि बाबा पुलिया के लिए 5 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिलने पर थानागाजी विधायक कान्ति प्रसाद मीणा ने आभार व्यक्त किया है। विधायक मीणा ने कहा कि इस सड़क के लिए क्षेत्र की जनता ने लंबे समय तक संघर्ष किया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के प्रयासों, राज्य सरकार के मंत्री संजय शर्मा के सहयोग तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के समर्थन से यह महत्वपूर्ण घोषणा संभव हो सकी है। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ रुपये की स्वीकृति से यह मार्ग, जिसे थानागाजी की 'लाइफ लाइन' कहा जाता है, अब शीघ्र साकार होगा। सड़क निर्माण से थानागाजी की अलवर जिला मुख्यालय से कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। साथ ही पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा, विशेषकर Sariska Tiger Reserve में आने वाले पर्यटकों को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी। विधायक ने बताया कि इस मार्ग के निर्माण से प्रमुख धार्मिक स्थलों-भर्तृहरि धाम, पांडूपोल हनुमान मंदिर, बांदीपुल हनुमान जी एवं तालवृक्ष—तक श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस स्वीकृति के लिए उन्होंने बाबा भर्तृहरि से मन्नत मांगी थी, जो बजट घोषणा के साथ पूर्ण हुई। मन्नत पूर्ण होने पर विधायक मीणा ने अपने निवास थानागाजी से भर्तृहरि धाम तक कार्यकर्ताओं के साथ पैदल यात्रा कर दर्शन किए। इस अवसर पर प्रतापगढ़, लालपुरा, क्यारा, पिपलाई, माधोगढ़, गढ़बसई, मालूताना एवं सालेटा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि तथा सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बार काउंसिल ऑफ राजस्थान चुनावः सदस्य पद प्रत्याशी राजेंद्र खंडेलवाल ने किया अलवर दौरा, वकीलों से मांगा समर्थन

**अलवर(निसं.)।** Bar Council of Rajasthan के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। सदस्य पद के प्रत्याशी राजेंद्र खंडेलवाल (भरतपुर) ने अलवर का दौरा कर अधिवक्ताओं से जनसंपर्क किया और समर्थन की अपील की। दौरे के दौरान उन्होंने बार काउंसिल के अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह चौहान सहित अनेक वरिष्ठ एवं युवा अधिवक्ताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर राजेंद्र खंडेलवाल ने कहा कि वे अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। अलवर के वकीलों ने चुनाव प्रचार हेतु पहुंचे प्रत्याशी को आश्वस्त करते हुए पूर्ण समर्थन देने की बात कही। बैठक के दौरान उमाकांत खंडेलवाल, रमेश मीणा, अमित चौधरी, मनीष जैन, धर्मवीर यादव, ज्योति स्वरूप शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, विशंभर दयाल खंडेलवाल सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त भरतपुर से आए प्रदीप मुदगल, अरुण मुदगल, प्रमोद शर्मा, मयंक एडवोकेट, जितेंद्र कुमार, मधु वर्मा, अनिल कुमार सक्सेना एवं रजनीश कटारा भी मौजूद रहे।



# आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर बना ग्रामीणों के लिए वरदान, 9 दिनों में 3000 से अधिक रोगियों ने लिया लाभ

जयपुर टाइम्स




**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** आयुर्वेद विभाग द्वारा खैरथल के बल्लभ ग्राम स्थित स्वामी लीलाशाह कुटिया परिसर में आयोजित विशेष आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है। इस शिविर में आयुर्वेद पद्धति के माध्यम से अर्श (पाइल्स), भगंदर (फिस्टुला) एवं बवासीर सहित विभिन्न जटिल रोगों का निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। शिविर की विशेषता यह है कि यहां आधुनिक शल्य चिकित्सा की पारंपरिक चीरफाड़ के स्थान पर आयुर्वेद की क्षार सूत्र एवं अन्य पारंपरिक विधियों से उपचार किया जा रहा है, जिससे रोगियों को कम पीड़ा के साथ प्रभावी और स्थायी लाभ मिल रहा है। अब तक 9 दिनों में 3000 से अधिक रोगियों ने शिविर में परामर्श प्राप्त किया है तथा सैकड़ों रोगियों का सफलतापूर्वक क्षार सूत्र विधि से उपचार किया गया है। गत दिवस आयुर्वेद विभाग, जयपुर संभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. बत्ती लाल बेरवा ने शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा शिविर प्रभारी डॉ. सुरेश वर्मा को शिविर को और अधिक प्रभावी एवं उपयोगी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। शिविर के दौरान सहनिदेशक डॉ. अजीत बालयाण ने उपस्थित रोगियों को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की उपयोगिता एवं वैज्ञानिक आधार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद केवल रोगों के उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या और प्राकृतिक औषधियों के माध्यम से संपूर्ण स्वास्थ्य संरक्षण का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने यह भी बताया कि आयुर्वेदिक पद्धति रोग के मूल कारणों पर कार्य कर स्थायी समाधान प्रदान करती है। शिविर में आवश्यकतानुसार रोगियों को भर्ती कर समुचित उपचार एवं देखभाल की भी व्यवस्था की गई है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयुर्वेद विभाग की इस पहल की सराहना की। ग्रामीणों ने इसे एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल बताते हुए कहा कि इस शिविर से उन्हें निःशुल्क एवं प्रभावी उपचार का लाभ मिल रहा है। आयुर्वेद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों को आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ प्रदान किया जाएगा। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण मुदगल, डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. उमेंद्र मीणा, डॉ. अमित चावला, डॉ. पूजा अग्रवाल, डॉ. कुसुम यादव, डॉ. अशोक यादव, डॉ. पंकज गुप्ता, डॉ. राधेश्याम प्रजापत, डॉ. यादराम गुर्जर एवं डॉ. मुकेश साहू सहित विभागीय कंपाउंडर एवं परिचारक सेवाभाव से अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

## हमारे माता-पिता हमसे प्रसन्न नहीं है तो हम संसार के सबसे गरीब व्यक्ति हैं - संत डॉ. शिवम् साधक

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)** अपना घर शालीमार के श्रीराम मंदिर में चल रही शिव कथा के छठे दिन 14 फ़रवरी को डॉ शिवम साधक महाराज ने सुनाया कि भाग्यशाली लोगों के यहां पुत्र होता है जो सौभाग्यशाली होते हैं उनके घर लेती है पुत्री जन्म लेती है सिर्फ पुत्र के जन्म लेने पर उत्सव नहीं हमें पुत्री के जन्म लेने पर भी उत्सव मनाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि राजा हिमाचल के घर मां पार्वती ने जन्म लिया पूरा नगर नृत्य करने लगा बचपन से ही बच्चों को भक्ति में लगाना चाहिए मां पार्वती बचपन से ही भगवान शंकर को प्राप्त करने के लिए निरंतर तप करती है इस संसार में सबसे बड़ा कोई तप है तो सत्य का पालन करना है प्रत्येक सनातनी को जीवन में सत्य ही बोलना चाहिए माता-पिता की महिमा बदलते हुए सुनाया कि जीवन में हम कितना भी धन पद प्रतिष्ठा प्राप्त कर ले अगर हमारे माता-पिता हमसे प्रसन्न नहीं है तो हम संसार के सबसे गरीब व्यक्ति हैं संसार का सबसे अमीर व्यक्ति वही है जिसके माता-पिता उससे प्रसन्न है। अंत में सब ने भगवान शंकर और मां पार्वती के पावन मेहंदी उत्सव में भाग लिया श्रद्धालु झूमते हुए आनंद लेते रहे रात्रि के सत्र में भगवान शिव के पावन हिंडोला उत्सव का सभी ने आनंद लिया वृंदावन से पधारे सुमधुर गायक मुकुल दिवेदी जी के स्वरों पर पूरा पंडाल नृत्य करने लगा।

साधक सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. एस. सी. मित्तल ने बताया कि ब्रह्मलीन संत गुरुजी शिवानन्द साधक महाराज (डेरा वाले बाबा - श्रीधाम वृन्दावन) की असीम अनुकम्पा एवं संत डॉ. शिवम् साधक महाराज के सानिध्य में शिव कृपा आनन्द महोउत्सव शिव कथा का आयोजन अलवर की पावन धरा पर रविवार 08 फ़रवरी से लगातार दोपहर 1 से 4 बजे तक श्रीराम मंदिर, अपना घर शालीमार, अलवर (राजस्थान) में चल रहा है।

## भाजपा जिला कार्यालय पर बजट 2026-27 पर व्यापारिक संवाद कार्यक्रम आयोजित



### पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि, केंद्र व राज्य बजट को बताया विकासोन्मुख और व्यापारी हितैषी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अलवर में बजट 2026-27 के अंतर्गत व्यापारिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में Pulwama attack के शहीदों एवं पूर्व मंत्री स्वर्गीय हेम सिंह भढ़ाना को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष डॉ. श्याम अग्रवाल उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के बजट समावेशी विकास, मजबूत बुनियादी ढांचे और राजकोषीय अनुशासन पर केंद्रित हैं। पूंजीगत व्यय में वृद्धि से विनिर्माण, रोजगार और कृषि क्षेत्र को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के अनुरूप शिक्षा, स्वास्थ्य और तकनीकी नवाचार को प्राथमिकता दी गई है।

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से लागू होने वाला नया आयकर अधिनियम व्यापारी वर्ग के विश्वास और स्व-अनुशासन पर आधारित है, जिससे व्यापार में सुगमता आएगी। उन्होंने इसे भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि यह बजट विकसित राजस्थान की दिशा में अहम पहल है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की भजनलाल शर्मा सरकार ने महिला, किसान और युवा सहित सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा है। अलवर जिले में डेयरी प्लांट विस्तार, रामगढ़ में मिनी सचिवालय, हनुमान वाटिका, अत्याधुनिक नवीन कारागृह एवं एकीकृत सैन्य परिसर जैसी योजनाएं जिले के विकास को नई गति देंगी।

जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर ने बजट को आमजन के लिए कल्याणकारी एवं किसान हितैषी बताया, जबकि पूर्व विधायक जयराम जाटव ने इसे 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की भावना को साकार करने वाला बजट बताया।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री नरेश गोयल, देशराज खरेरा, उपाध्यक्ष हुकुम फागण, प्रमोद विजय, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रवक्ता नरेश धानावत, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक मुकेश विजय, अलवर चैंबर्स ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष राजेश गुप्ता, कृषि उपज मंडी समिति अध्यक्ष सत्य विजय गुप्ता एवं शशांक झालानी, प्रदीप जैन, बिहारी पाराशर, रमेश जुनेजा, सुरेश मेहता, पं ऋषि राज शर्मा सहित सैकड़ों व्यापारी प्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

## बांसवाड़ा में 10-12 मई को तीन दिवसीय विशाल निशुल्क योग शिविर, तैयारी बैठक आयोजित



### पतंजलि योगपीठ के दिशा-निर्देश में राज्य प्रभारियों ने बनाई रूपरेखा, ऐतिहासिक आयोजन का संकल्प

जयपुर टाइम्स

**बांसवाड़ा(निसं.)।** पतंजलि योगपीठ केंद्रीय कार्यालय हरिद्वार के दिशा-निर्देशों की पालना में प्रस्तावित तीन दिवसीय विशाल निशुल्क योग शिविर की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजस्थान पश्चिम के राज्य प्रभारी कर्णाराम चौधरी एवं समंदरसिंह राठौड़ ने की। ऋषि दयानंद सरस्वती आश्रम के सभागार में आयोजित बैठक में भारत विकास परिषद के हरिश कलाल (सेनावास) ने राज्य पदाधिकारियों का पगड़ी व फूलमालाओं से स्वागत किया। बैठक में बताया गया कि योग ऋषि परमपूज्य स्वामी रामदेव के शिष्य पूज्य स्वामी परमार्थ देवजी महाराज के सान्निध्य में 10, 11 एवं 12 मई 2026 को बांसवाड़ा में तीन दिवसीय निशुल्क योग शिविर आयोजित किया जाएगा।

राज्य प्रभारी कर्णाराम चौधरी ने शिविर की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों के गठन और कार्यों के विभाजन पर बल दिया। समंदरसिंह राठौड़ ने सभी कार्यकर्ताओं से मिलकर कार्य करने तथा शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया, ताकि अधिक से अधिक लोग योग चिकित्सा शिविर का लाभ उठा सकें। बैठक में महिला पतंजलि संरक्षिका भुवनेश्वरी मालोत, सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी जीतमल पणदा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हितेशचंद्र स्वर्णकार, जिला महिला संगठन की शशि कटारा, पतंजलि चिकित्सालय के गजेंद्र प्रसाद गौड़, आयुर्वेद अधिकारी नटवरलाल त्रिवेदी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित योग शिक्षकों—गौरव वैष्णव, संजय भावसार एवं जोहरसिंह गरासिया—को प्रमाण पत्र एवं फूलमालाओं से सम्मानित किया गया। आर्य समाज के पुरोहित लवकुमार शास्त्री का भी अभिनंदन किया गया। वागड़ वीर शहीदों की पावन भूमि मानगढ़ धाम पर आयोजित होने वाले इस शिविर को ऐतिहासिक, दिव्य और भव्य बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन रमेश भट्ट ने किया, स्वागत उद्बोधन पार्थ दामा ने दिया तथा आभार प्रदर्शन गेंदालाल नायक ने किया। अंत में शांति पाठ एवं 'करें योग, रहें निरोग' के नारों के साथ बैठक का समापन हुआ।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने की रोजगार मेले में शिरकत

## विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की अहम भूमिका - वन राज्यमंत्री शर्मा




**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने राजऋषि अभय समाज संस्था के परिसर में राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिला अलवर के तत्वावधान में आयोजित रोजगार मेले में शिरकत की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को पूरा करने में युवाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने ब्राह्मण महासभा ने रोजगार मेले का आयोजन कर एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिससे सभी वर्गों के बालक-बालिकाओं को इस मंच के माध्यम से रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि सभी समाजों को आगे आकर इस प्रकार के आयोजन करने चाहिए, जिससे हमारी युवा पीढी देश के नवनिर्माण में अपनी भूमिका निभा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरन्तर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा युवाओं की स्किल डवलपमेंट को दृष्टिगत रखते हुए कार्य किए जा रहे हैं, जिससे युवाओं की स्किल का विकास हो सके और वे ना केवल स्वयंड्डु रोजगार प्राप्त करें, बल्कि अन्य युवाओं को रोजगार प्रदान कर देश के विकास को गति प्रदान में अपनी सहभागिता निभा सके। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी हरीश नैनकवाल, पं. धर्मवीर शर्मा, जगदीश शर्मा, सुरेश पाटा, सतीश शर्मा, गजेन्द्र शर्मा, राजकुमार शर्मा, पं. जलेसिंह, देवराज शर्मा, ऋषि भारद्वाज, मुरारी लाल शर्मा, शिवानी शर्मा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में युवा एवं आमजन मौजूद रहे।

## क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात, डॉ. मोहित जसवंत यादव ने किया जनसंपर्क व सड़कों का उद्घाटन

### नासरपुर व बिजोरावास में सड़क निर्माण की घोषणाएं, बर्ड़ोद में श्री शिव हनुमान जी मंदिर का सप्तम वार्षिकोत्सव सम्पन्न

जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निसं.)।** विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव विभिन्न गांवों के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने जनसंपर्क कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया तथा ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। नासरपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने मोक्षधाम तक जाने वाले मार्ग के निर्माण की घोषणा की। यह कार्य विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव की अनुशंसा पर विधायक निधि से कराया जाएगा। ग्रामीणों ने लंबे समय से लंबित इस मांग के पूर्ण होने पर संतोष व्यक्त किया। इसी प्रकार बिजोरावास गांव में श्मशान घाट तक जाने वाली सड़क के शेष भाग के निर्माण हेतु 1 लाख की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की गई। इससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। गांवों में नई सड़कों के साथ कई स्थानों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स भी लगाई जा रही हैं, जिससे कीचड़ की समस्या से राहत मिल रही है और पैदल चलने वाले लोगों को विशेष सुविधा प्राप्त हो रही है। विकास कार्यों के उद्घाटन अवसर पर प्रधान निधि का भी योगदान रहा। कार्यक्रम में सरोज बस्तीराम यादव (प्रधान, पंचायत समिति बहरोड़) सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त बर्ड़ोद कस्बे की पुरानी सब्ज़ी मंडी स्थित श्री शिव हनुमान जी मंदिर में आयोजित सप्तम वार्षिकोत्सव समारोह में भी डॉ. मोहित जसवंत यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की तथा मंदिर समिति द्वारा धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के प्रयासों की सराहना की। जनसंवाद के दौरान उन्होंने कहा कि सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। साथ ही हाल ही में प्रस्तुत राज्य बजट का उल्लेख करते हुए बहरोड़ क्षेत्र को मिली विभिन्न सौगातों की जानकारी भी साझा की। उपस्थित ग्रामीणों ने विकास कार्यों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की सराहना की। कार्यक्रमों में प्रशांत यादव मंडल अध्यक्ष बहरोड़, राजेश फौजी मंडल अध्यक्ष बर्ड़ोद, रामनरेश यादव जिला पार्षद, मन्नू सैनी महामंत्री, धर्मवीर महामंत्री, अनिल बोहरा, ईश्वर गुर्जर, मनीष यादव, अवनीश यादव जिला उपाध्यक्ष, जसवंत सरपंच, सुभाष यादव, धर्मेंद्र आर.ए.एस., पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## यात्रियो की सुविधा हेतु रेलसेवाओं का दौसा व बांदीकुई स्टेशनों पर ठहराव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पोरबंदर-दिल्ली सराय-पोरबंदर (द्वि-साप्ताहिक) एक्सप्रेस रेलसेवा का दौसा स्टेशन पर, हावडा-जोधपुर (सप्ताह में 04 दिन) सुपरफास्ट एक्सप्रेस एंव हावडा-बीकानेर (त्रि-साप्ताहिक) सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा का बांदीकुई स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर आगामी आदेशों तक ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 20937, पोरबंदर-दिल्ली सराय (द्वि-साप्ताहिक) एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 15.02.26 से दौसा स्टेशन पर 15.03 बजे आगमन व 15.05 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 20938, दिल्ली सराय- पोरबंदर (द्वि-साप्ताहिक) एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 16.02.26 से दौसा स्टेशन पर 11.58 बजे आगमन व 12.00 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरहगाडी संख्या 12307 हावडा-जोधपुर (सप्ताह में 04 दिन) सुपरफास्ट एक्सप्रेस दिनांक 15.2.26 से बांदीकुई स्टेशन पर 22.20 बजे आगमन व 22.22 बजे प्रस्थान करेगी तथा गाडी संख्या 22307 हावडा-बीकानेर (त्रि-साप्ताहिक) सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 14.2.26 से बांदीकुई स्टेशन पर 22.20 बजे आगमन व 22.22 बजे प्रस्थान करेगी।

## करीब 2 करोड रुपए कीमत के अफीम के पौधे बरामद, चिकलाना एमडी ड्रग मामले में तीन इनामी बदमाशों को पकड़ा

जयपुर टाइम्स


**जयपुर(का.सं.)।** करौली जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस ने 6067 अफीम के पौधे दो अभियुक्तों से बरामद किए हैं इन अफीम के पौधों की कीमत करीब 2 करोड रुपए बताई जा रही है गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों से पुलिस गहनता से पूछताछ कर रही है पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में अफीम की अवैध खेती होने की बात सामने आ रही है पुलिस उस जगह को भी चिन्हित कर रही है जहां अवैध अफीम की खेती की जा रही थी पुलिस का कहना है की अफीम की खेती के लिए वकायदा नियम और कानून बने हुए हैं इसके लिए सरकार से निश्चित जगह के लिए और निश्चित अवधि के लिए लाइसेंस जारी होता है लाइसेंस की शर्तों के मुताबिक ही अफीम की खेती की जा सकती है इसलिए गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद किए गए भारी मात्रा में अफीम के पौधों के बारे में तमाम तरह की जानकारियां जुटा जा रही है इसी तरह से प्रदेश की प्रतापगढ़ जिला पुलिस की ओर से अरनोद थाना इलाके में नौगांव में चिकलाना एमडी ड्रग मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है जिसमें एक महिला तस्कर भी है इन तीनों ही तस्करों के खिलाफ पांच -पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ था प्रतापगढ़ जिला पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों के बारे में मध्य प्रदेश पुलिस को भी सूचना भिजवा दी है।

## तलाई में डूबी बेटी को बचाने के प्रयास में बेटी के साथ मां भी डूबी, स्कूल की छात्रा ने सुसाइड का किया प्रयास

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के करौली जिले के मामचारी थाना इलाके के करसई गांव में एक तलाई में नहाने उतरी अपनी बेटी को गहरे पानी में डूबता हुआ देखकर मां ने उसे बचाने का प्रयास किया और वह भी गहरे पानी में उतर गई जिसकी वजह से दोनों मां बेटी की पानी में डूबने से मौत हो गई सूचना मिलने के बाद पुलिस जिला प्रशासन और आपदा राहत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा स्थानीय लोगों की मदद से मां और बेटी की बॉडी को तलाई से बाहर निकल गया पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है हालांकि पुलिस इस मामले को हादसा मान रही है लेकिन पुलिस इस मामले में मृतक मां बेटी के निकट के परिजन रिश्तेदार और आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है फिलहाल पुलिस मां बेटी की बॉडी का पोस्टमार्टम करवा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस की जांच को सही दिशा मिल पाएगी हालांकि पुलिस इस मामले को अभी तक हादसा मानकर ही जांच कर रही है लेकिन इस मामले से जुड़े प्रत्येक पहलू की पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है एक अन्य घटना में प्रदेश के अजमेर जिले के नसीराबाद में नवी कक्षा में पढ़ने वाली एक स्कूली छात्रा ने सरोवर में कूद कर जान देने की कोशिश की लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने छात्र को जिंदा सरोवर से बाहर निकाल लिया जिसकी वजह से उसकी जान बच गई इस स्कूली छात्रा के पास एक परिचय पत्र मिला है जिसके आधार पर पुलिस ने छात्रा के परिजनों को सूचित कर दिया है सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे हैं पुलिस स्कूली छात्रा से पूछताछ करके पता लग रही है कि उसने आत्महत्या करने की कोशिश क्यों की है जानकारी के अनुसार माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं इसके अलावा अन्य क्लास की परीक्षाएं भी बहुत जल्दी ही शुरू होने वाली है ऐसे में छात्र-छात्राओं पर इन दोनों पढ़ाई का जबरदस्त टेंशन बना हुआ है इसलिए पुलिस छात्रा से पूछताछ कर रही है पुलिस इस बात की भी जांच पड़ताल कर रही है कि बालिका किसी से परेशान होकर तो जान देने नहीं जा रही थी इसलिए इस मामले को पुलिस गंभीरता से देख रही है।

## बापूगांव में सफाई व्यवस्था को लेकर श्रद्धालुओं ने जताई नाराज़गी



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** जयपुर जिले के चाकसू उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बापूगांव में साफ सफाई व्यवस्था को लेकर श्रद्धालुओं और राहगीरों ने बताई समस्या, वहीं बापूगांव के छोटा गिरनार जैन मंदिर के मुख्य रास्ते पर गंदगी फैली होने के कारण यहां से गुजरने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, ऐसे में ग्राम पंचायत प्रशासन लगातार अनदेखी कर रहा है। गिरनार जैन मंदिर बापूगांव में जयपुर जिले के अलावा मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, टोंक से आने वाले श्रद्धालुओं को इन गंदगी में पैदल चलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यहा के ग्राम पंचायत प्रशासन की ओर से लापरवाही बरती जा रही है। जानकारी के अनुसार बताया कि मंदिर में दो तीन बाद बापूगांव छोटा गिरनार जैन मंदिर में प्रज्ञा सागर जी महाराज जी पधारेंगे। उनके साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु इसी रास्ते से अपने मंदिर तक पहुंचेंगे। लेकिन ग्राम पंचायत प्रशासन अभी तक मौन धारण किया हुआ है। लोगों ने काफ़ी आक्रोश व्याप्त करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था को लेकर लाखों रुपए हर महीने के लिए आते हैं ऐसे में यहां सफाई व्यवस्था के हालात बहुत खराब है। बापूगांव ग्राम पंचायत प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी अनदेखी कर रहा है।

# राजस्थान महिला कांग्रेस में नेतृत्व सृजन प्रशिक्षण शिविर अभियान का आगाज, अलका लांबा रही मौजूद




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान महिला कांग्रेस इकाई की ओर से शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में नेतृत्व सृजन प्रशिक्षण शिविर अभियान का शुभारंभ हुआ दो दिवसीय इस अभियान का समापन आज रविवार को होगा शनिवार को शुरू हुए इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस पार्टी की महिला शाखा की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, पूर्व मंत्री ममता भूपेश, रेहाना रियाज सहित महिला कांग्रेस पार्टी के संगठन से जुड़ी सभी पदाधिकारी जिला अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे द्य महिला कांग्रेस के नेतृत्व सृजन प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं में नेतृत्व विकास पार्टी के संगठन को गति और विस्तार देने, चुनाव प्रबंधन, पार्टी के नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने तथा पार्टी से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ने जैसे विषय पर महिला विंग की वरिष्ठ नेताओं की ओर से आवश्यक दिशा निर्देश और टिप्स दिए जा रहे हैं इस प्रशिक्षण शिविर में शामिल कांग्रेस पार्टी की महिला नेताओं को यह बताया जा रहा है कि उन्हें कैसे और किस तरह से पार्टी के संगठनको मजबूती प्रदान करनी है इसके लिए महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने भी उपस्थित महिला कांग्रेस जनों को अपनी ओर से आवश्यक और दिशा निर्देश दिए और बताया कि वर्तमान दौर में महिलाओं को राजनीति में भी प्रभावी और दमदार तरीके से अपना प्रदर्शन सुनिश्चित करना है जानकारी के अनुसार महिला कांग्रेस की राजस्थान इकाई की ओर से शनिवार को आयोजित हुई यह विशेष महिला कांग्रेस की वर्कशाला कहीं ना कहीं आने वाले दिनों में राजस्थान कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने की दिशा में काफी उपयोगी साबित होगी क्योंकि कुछ ही महीना के बाद में राजस्थान में पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव आयोजित होने वाले हैं इसके बाद में नगर निकाय के चुनाव भी आयोजित होंगे ऐसे में महिला कांग्रेस इन चुनाव में पार्टी के उम्मीदवारों की जीत को सुनिश्चित करने के लिए अच्छी भूमिका निभा सकती है इसीलिए पंचायत चुनाव से ठीक पहले शनिवार को महिला कांग्रेस के संगठन से जुड़ी सभी नेताओं को जयपुर में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में विशेष ट्रेनिंग के लिए बुलाया गया है इस ट्रेनिंग कैंप में राजस्थान महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सारिका सिंह विशेष रूप से मौजूद हैं सारिका सिंह एडवोकेट हैं और कुचामन में टैगोर इंटरनेशनल स्कूल की डायरेक्टर भी हैं तथा पंजाब दिल्ली और कर्नाटक के चुनाव में पार्टी उम्मीदवारों के प्रचार में भी इन्होंने अच्छी भूमिका निभाई थी प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के काफी नजदीकी मानी जाती है इसलिए इस बार राजस्थान महिला कांग्रेस अपने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए तो अलर्ट मोड पर टिकी रही है इसके अलावा राजस्थान में कांग्रेस पार्टी से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ने के लिए भी युद्ध स्तर पर काम शुरू कर दिया है ।

## निजी बस से 2 क्विंटल 33 किलो चंदन की लकड़ी बरामद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में चित्तौड़गढ़ की कोतवाली थाना पुलिस ने एक निजी बस से दो क्विंटल 33 किलो चंदन की लकड़ी बरामद की है बस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में बस का संचालन की पूरी तरह से नियम और कानून के खिलाफ हो रहा था अवैध रूप से बस का संचालन किया जा रहा था इसलिए बस संचालक के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है । जानकारी के अनुसार निंबेडा से पाली जा रही निजी बस की चेकिंग के दौरान बस में दो क्विंटल 33 किलो चंदन की लकड़ी बरामद की गई यह जांच पड़ताल को चित्तौड़गढ़ में कोटवाल थाना इलाके में पुलिस चित्तौड़गढ़ में कोतवाली थाना इलाके में पुलिस की टीम की ओर से की गई है पुलिस बरामद की गई चंदन की लकड़ी के बारे में बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है यह लकड़ी कहां से और किसने बस में रखी और इस चंदन की लकड़ी को कहां और किन लोगों को सप्लाई की जानी थी इसके बारे में भी आवश्यक जांच पड़ताल की जा रही है उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों परिवहन विभाग की ओर से प्रदेश भर में सभी निजी बस की जांच पड़ताल की थी जांच पड़ताल के दौरान कई बसों के नियम विरुद्ध संचालन होने की बात की सामने आई थी जिसके बाद कई बस मालिकों के खिलाफ परिवहन विभाग की ओर से कड़ी कार्रवाई भी की गई लेकिन शनिवार को एक बार जिस तरह से फिर जिस निजी बस में चंदन की लकड़ी बरामद की गई है वह बस भी पूरी तरह से नियम और कायदा का उल्लंघन करके संचालित की जा रही थी इसलिए साफ जाहिर है कि यातायात परिवहन विभाग पुलिस जिला प्रशासन इत्यादि सभी की ओर से सघन जांच पड़ताल और कड़ी कार्रवाई करने के बाद भी प्रदेश में अब भी कई निजी बस नियम विरुद्ध तरीके से संचालित हो रही है और इन बसों में जिस तरह से अवैध समान इधर से उधर पहुंचा जा रहा है यह भी कहीं ना कहीं सरकारी विभागों पर तमाचा मारने जैसा ।

## कांग्रेस विधायक दीनदयाल बेरवा से जुड़ने वाले तहसीलदार को विशेषाधिकार हनन का नोटिस, विधानसभा की कमेटी करेगी जांच !

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** दोसा से कांग्रेस विधायक दीनदयाल बेरवा से एक अतिक्रमण के मामले में चर्चा में आए तहसीलदार को लेकर कांग्रेस पार्टी के विधायकों ने राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को तहसीलदार के खिलाफ विशेष अधिकार हनन का नोटिस दिया है इस नोटिस को स्पीकर देवनानी ने स्वीकार कर लिया है अब विधानसभा की विशेष दिया है इस नोटिस को स्पीकर देवनानी ने स्वीकार कर लिया है अब विधानसभा की विशेष समिति की ओर से जांच की जा सकती है उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस पार्टी के विधायक दीनदयाल बेरवा आरोप लगा रहे थे कि आरोपी तहसीलदार गजानंद मीणा ने नियम और कानून से अलग जाकर अनुसूचित जाति के एक व्यक्ति मकान को तोड़ने का कार्य किया इस मामले को लेकर बैरवा ने राजस्थान विधानसभा में भी काफी हंगामा किया था और तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर पिछले दिनों राजस्थान विधानसभा की गैलरी में आकर विधानसभा अध्यक्ष के सामने जोर-जोर से नारेबाजी करने लगे थे जिसके बाद स्पीकर वासुदेव देवनानी ने उन्हें चेताया था कि यह उनकी अनुशासनहीनता के दायरे में आता है इसके बाद बेरवा वापस अपनी सीट पर चले गए थे लेकिन विधानसभा में यह मामला आने के बाद कांग्रेस पार्टी के अन्य विधायकों ने भी दीनदयाल बेरवा का समर्थन किया बाद में कांग्रेस पार्टी के विधायकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने आरोपी तहसीलदार के खिलाफ विशेष अधिकार हनन का नोटिस स्पीकर वासुदेव देवनानी को दिया है देवनानी ने इस नोटिस को स्वीकार भी किया है अब विधानसभा की समिति इस पूरे मामले की जांच पड़ताल करेगी जरूरत होने पर आरोपी तहसीलदार और अन्य सभी पक्षों से पूछताछ करके इस पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार करेगी और फिर इस रिपोर्ट को विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत करेगी इसके बाद रिपोर्ट के आधार पर वासुदेव देवनानी इस मामले पर अपना फैसला सुनाएंगे ।

## कांस्टेबल की शादी में तस्कर और अपराधियों के शामिल होने से एसपी ने कांस्टेबल को बर्खास्त किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश की भजन लाल सरकार में पुलिस मुख्यालय ने साफ कहा है कि पुलिस और अपराधियों के बीच अगर किसी भी तरह की कोई दोस्ती और मिली भगत सामने आएगी तो पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी जिसमें नौकरी से भी हटाया जा सकता है इसी तरह का एक मामला प्रदेश के झालावाड़ जिले में देखने को मिला है जहां बोलता भालता थाना मैं पोस्टेड कांस्टेबल अशोक बिश्नोई को झालावाड़ जिला पुलिस अधीक्षक अमित ने सस्पेंड कर दिया है पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के नागौर में पिछली 2 फरवरी को कांस्टेबल अशोक की शादी हुई थी जिसमें राजस्थान और मध्य प्रदेश के 8 तस्कर और अपराधी भी शामिल हुए थे इस शादी में तस्कर पप्पू भी शामिल हुआ था कांस्टेबल की शादी में अपराधियों के शामिल होने के बाद लोगों में यह चर्चा हो रही थी कि कहीं ना कहीं कांस्टेबल अशोक के अपराध जगत से जुड़े लोगों से गहरी दोस्ती है इसीलिए अपराध जगत से जुड़े लोग उसकी शादी में शामिल होने के लिए आए इस तरह की खबर जब झालावाड़ के एसपी अमित तक पहुंची तो उन्होंने बाकायदा इस पूरे मामले की अपने स्तर पर जांच करवाई और तमाम तरह के शादी के फोटोस और अन्य जानकारी की गहन जांच पड़ताल की गई जिसमें कांस्टेबल अशोक की शादी में राजस्थान और मध्य प्रदेश के 8 अपराधियों के शामिल होने के पुख्ता सबूत मिलने के बाद एसपी अमित ने कांस्टेबल अशोक को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है घ्झालावाड़ पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई की सभी जगह प्रशंसा भी हो रही है लोगों का कहना है कि पुलिस महक में सर्विस के दौरान अपराधियों से अगर इस तरह से पुलिस का अधिकारी और कर्मचारी ही दोस्ती करेगा तो फिर समाज से अपराध कैसे दूर हो सकते हैं इसलिए कांस्टेबल अशोक के खिलाफ की गई कार्रवाई को सभी लोग अच्छा बता रहे हैं लोगों का कहना है कि इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में तैनात अन्य कर्मचारियों में यह मैसेज जाएगा कि अगर उन्होंने भी अपराध जगत से जुड़े लोगों के साथ मेलजोल बढ़ाया तो फिर उनके खिलाफ भी इस तरह की कार्रवाई हो सकती है ।

## ट्रेलर में घुसी कार, पांच लोगों की मौत, सभी मृतक जबलपुर मध्य प्रदेश के

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के जयपुर जिले के चाकसू थाना इलाके में जयपुर कोटा राजमार्ग पर शनिवार को सुबह 5:30 बजे बेकाबू कार ने ट्रेलर के पीछे से टक्कर मार दी जिसकी वजह से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार पांच लोगों की मौत हो गई दुर्घटना के बाद मौके पर वाहनों की लंबी कतार लगने की वजह से जान की स्थिति बन गई सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी मृतक के शव को कब्जे में किया घटनास्थल का दौरा करके घटना स्थल से आवश्यकता और सबूत भी जुटाए हैं तथा क्षतिग्रस्त कार और ट्रेलर को बरामद भी किया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने जाम को खुलवाया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के जबलपुर से जयपुर की तरफ आ कार आ रही थी, जयपुर कोटा राजमार्ग पर चाकसू थाना इलाके में टिकरिया मोड़ के पास शनिवार को सुबह करीब 5:30 बजे बेकाबू करने ट्रेलर के पीछे से टक्कर मार दी जिसकी वजह से कार में सवार पीयूष, राहुल, अनुराग, रेशमा और रजक की मौत हो गई पुलिस का कहना है कि शायद कार चालक गहरी नींद में था और नींद की झपकी आने की वजह से वह अपनी गाड़ी पर नियंत्रण नहीं रख पाया जिसकी वजह से कार अपने आगे चल रहे ट्रेलर से भिड़ गई हादसा काफी गंभीर था क्योंकि इस हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई जिसकी वजह से कार में सवार मृतकों की शत-शत बॉडी को भी बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला जा सका तथा अमित को की बॉडी को बाहर निकाला जा सका तथा मृतकों की बॉडी की हालत देखकर मौके पर गए पुलिस अधिकारियों की आंखों नम हो गई पुलिस का कहना है कि कार जबलपुर से आ रही थी लंबी दूरी का सफर तय करने से शायद चालक की नींद पूरी नहीं हो पाई वह रात भर शायद गाड़ी चला रहा था जिसकी वजह से शनिवार की सुबह-सुबह उसे नींद की अचानक झपकी आ गई और यह हादसा हो गया ।

## मदन राठौड़ का गोविंद सिंह डोटासरा को करारा जवाब और कहा- कांग्रेस की अब बढ़ेगी 'ट्रबल'

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(का.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा भाजपा सरकार को डबल इंजन नहीं, ट्रबल इंजन कहे जाने पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा लगातार भ्रम और अफवाह फैलाने की राजनीति की जा रही है, लेकिन अब प्रदेश की जनता पूरी तरह जागरूक हो चुकी है और ऐसे भ्रामक प्रचार को स्वीकार करने वाली नहीं है। अब ट्रबल कांग्रेस को होने वाली है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस वर्षों से झूठे आरोपों और भ्रम की राजनीति के माध्यम से जनता को गुमराह कर वोट प्राप्त करने का प्रयास करती रही है। किंतु वर्तमान समय में प्रदेश की जनता सजग है और विकास के मुद्दों पर निर्णय ले रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब कांग्रेस को ही ट्रबल होने वाली है, क्योंकि उसके भ्रम फैलाने के प्रयास सफल नहीं होंगे। राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की जनता अब भ्रम और अफवाहों की राजनीति को नकार चुकी है। जनता विकास चाहती है, रोजगार चाहती है सुरक्षित और सुखी जीवन चाहती है। भाजपा सरकार इसी दिशा में कार्य कर रही है और आने वाले समय में प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। राठौड ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार का अर्थ है कि केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर एक ही विचारधारा की सरकार होने से विकास कार्यों में समन्वय और गति मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ राजस्थान को मिल रहा है और राज्य में भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। डबल इंजन सरकार ने ही कांग्रेस द्वारा सालों से अटकाई गई महत्वकांक्षी ईआरसीपी योजना को धरातल पर लाने का काम किया है। डोटासरा भूल गए है कि इसी कांग्रेस सरकार की घोर लापरवाही के चलते हरियाणा से यमुना जल समझौता दशकों तक फाइलों में दबा रहा, जबकि मोदी सरकार के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने इस योजना को भी धरातल पर लाने का काम किया है। उन्होंने कांग्रेस के इस आरोप को सिरे से खारिज किया कि राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती योजनाओं को डंप कर दिया है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित की योजनाओं को आगे बढ़ा रही है तथा पारदर्शिता और सुशासन को प्राथमिकता दे रही है। प्रदेश में शांति, अमन-चैन और विकास का वातावरण बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है।

## रेलवे स्टेशन रोड पर सीवरेज लीकेज से जलभराव, राहगीरों को उठानी पड़ रही परेशानी

जयपुर टाइम्स





**मकराना(निस)।** रेलवे स्टेशन के पास पुलिस चौकी के सामने स्थित सार्वजनिक शौचालय से निकलने वाले चैंबर के पानी एवं सीवरेज लाइन में लीकेज की समस्या से राहगीरों को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीवरेज लाइन लीक होने के कारण चैंबर भरने के बाद गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाता है, जिससे लोगों को दुर्गंध एवं स्वास्थ्य संबंधी जोखिम के बीच रास्ता बदलकर निकलना पड़ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह समस्या वर्ष 2019 से बनी हुई है, जहां रेलवे स्टेशन रोड पर बार-बार गंदा पानी भर जाता है। नगर परिषद को कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। बताया गया कि वर्ष 2025 में विधायक जाकिर हुसैन ने भी इस समस्या को लेकर गंदे पानी में धरना दिया था, लेकिन इसके बावजूद सीवरेज जाम की स्थिति जस की तस बनी हुई है। नगर परिषद आयुक्त द्वारा निर्माण कार्य में त्रुटियों, विशेषकर पानी की निकासी की दिशा गलत मोड़े जाने की बात स्वीकार किए जाने के बाद भी अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। लगातार जलभराव के कारण आमजन को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तथा क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग से शीघ्र समाधान की मांग की है।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू, अदिति चौहान सम्मानित

**धौलपुर(निस)।** राजकीय महाविद्यालय राजाखेड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शनिवार को शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएसएस जिला समन्वयक डॉ. सोहराब शर्मा ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। डॉ. सोहराब शर्मा ने कहा कि सात दिवसीय शिविर छात्रों में चरित्र निर्माण, देशभक्ति एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम प्रभारी सहायक प्रोफेसर मानसिंह मीणा ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि आगामी सात दिनों में स्वयंसेवक साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, खेल, आपदा प्रबंधन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेकर अपने व्यक्तित्व का विकास करेंगे। प्रधानाचार्य डॉ. अनुज कुमार ने एनएसएस के अनुभव साझा करते हुए इसे संवाद कौशल, शारीरिक दक्षता एवं नैतिक मूल्यों के विकास का सशक्त माध्यम बताया। इस अवसर पर छात्रा अदिति चौहान को निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य होशांग पंचाल ने किया।

## दुजाना में वार्षिकोत्सव, प्रतिभाओं व भामाशाहों का सम्मान




जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** दुजाना स्थित काम्बेश्वर पब्लिक उच्च प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव व पारितोषिक वितरण समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम गणेश देवासी के मुख्य आतिथ्य, संस्था प्रधान की अध्यक्षता तथा सोहन सिंह राजपुरोहित, थानाराम देवासी व सकाराम मीणा के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा। समारोह में आठवीं बोर्ड सहित विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन, सर्वाधिक उपस्थिति, अनुशासन, स्वच्छता व खेलकूद में श्रेष्ठ विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को तिलक, माला, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं। विद्यालय सहयोगी भामाशाहों को भी सम्मानित किया गया। व्यवस्थापक भागीरथ परिहार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। अंत में संस्था प्रधान ने अतिथियों, भामाशाहों, स्टाफ व ग्रामवासियों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रदीप कुमार ने किया।

## कृष्ण से दोस्ती कष्टों से मुक्ति का मार्ग: श्रीजी महाराज

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** डिग्गी-मालपुरा रोड स्थित जगन्नाथपुरा में 8 फरवरी से चल रहे भागवत रस वर्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ। समापन सत्र में निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्री श्याम शरण देवाचार्य श्रीजी महाराज (निम्बार्क तीर्थ, सलेमाबाद किशनगढ़) ने कृष्ण-सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि विपत्ति में साथ देने वाला ही सच्चा मित्र होता है। आज सोशल मीडिया पर हजारों मित्र बन जाते हैं, लेकिन जरूरत के समय कोई साथ नहीं आता। इसलिए मित्रता संख्या नहीं, बल्कि निस्वार्थ भाव और सहयोग की होनी चाहिए। जीवन के कष्टों से मुक्ति के लिए भगवान कृष्ण से सच्ची मित्रता का भाव अपनाना आवश्यक है। श्रीजी महाराज ने भजन 'अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो दर पर सुदामा गरीब आ गया है...' से प्रवचन प्रारंभ करते हुए बताया कि सुदामा की निर्धनता के बावजूद भगवान कृष्ण ने उन्हें समान भाव से अपनाया और उनकी सहायता कर सच्ची मित्रता का आदर्श प्रस्तुत किया। उन्होंने वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से जीवन जीने का संदेश भी दिया। इस अवसर पर निम्बार्क परिकर सर्वेश्वर शर्मा ने कहा कि कृष्ण-सुदामा की मित्रता से प्रेरणा लेकर हमें अपने मित्रों, रिश्तेदारों और पड़ोसियों की हर संभव सहायता करनी चाहिए। कार्यक्रम में श्रीजी महाराज के निजी सचिव व कार्यक्रम प्रबंधक ओमप्रकाश शर्मा ने साधु-संतों, विशिष्ट अतिथियों व जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। आयोजन से जुड़े नाथूलाल शर्मा ने टीम सहित श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की, जबकि आयोजक हनुमान कंडीरा ने आरती कर गुरुजी को भेंट प्रदान कर सम्मानपूर्वक विदा किया।

# नए युग की ओर बांग्लादेश





बांग्लादेश का आम चुनाव उसके राजनीतिक इतिहास के सबसे निर्णायक मोड़ में से एक माना जाएगा। जुलाई 2024 के छात्र आंदोलन, जिसने तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता छोड़ने पर मजबूर कर दिया और लंबे समय से प्रभावी रही उनकी पार्टी अवामी लीग के प्रभुत्व का अंत किया, के बाद यह पहला आम चुनाव था। इस चुनाव ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को स्पष्ट जनादेश दिया। पार्टी अध्यक्ष तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने की संभावना के साथ बांग्लादेश एक नए राजनीतिक युग की ओर बढ़ रहा है, जो पीढ़ीगत परिवर्तन, वैचारिक पुनर्संतुलन और क्षेत्रीय कूटनीतिक समीकरणों से प्रभावित होगा। यह चुनाव केवल अंतरिम सरकार को बदलने की प्रक्रिया नहीं था, जिसका नेतृत्व नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद युनूस कर रहे थे। यह उस गहरे राजनीतिक संकट के बाद देश की दिशा तय करने का प्रयास था, जिसने 2024 में पूरे राष्ट्र को झकझोर दिया।

जुलाई 2024 का आंदोलन शुरुआत में सरकारी नौकरियों में आरक्षण नीति के विरोध से शुरू हुआ था, पर जल्द ही यह व्यापक असंतोष का रूप ले बैठा। सैकड़ों लोगों की मौत ने सरकार की वैधता को गंभीर रूप से प्रभावित किया और अंततः सत्ता परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया। अंतरिम सरकार ने लोकतांत्रिक पुनर्स्थापना और संस्थागत सुधारों का वादा किया और इसी क्रम में 13वां संसदीय चुनाव और संवैधानिक सुधारों पर जनमत संग्रह आयोजित किया गया। इसका परिणाम न केवल सत्ता परिवर्तन है, बल्कि राजनीतिक संरचना में व्यापक बदलाव का संकेत भी है।

इस चुनाव की सबसे बड़ी विशेषता अवामी लीग की अनुपस्थिति रही। विरोध प्रदर्शनों के दौरान कथित अपराधों के आधार पर उसे चुनाव लड़ने से रोक दिया गया, लेकिन उसकी अनुपस्थिति ने दशकों से चली आ रही द्विदलीय प्रतिस्पर्धा को समाप्त कर दिया और चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल भी खड़े किए। 1990 के बाद से बांग्लादेश की राजनीति अवामी लीग और बीएनपी के बीच घूमती रही। बीएनपी की जीत उसके लिए पुनरुत्थान और परीक्षा, दोनों है। वर्षों तक विपक्ष में रहने और आंतरिक चुनौतियों से जूझने के बाद पार्टी ने नई ऊर्जा के साथ वापसी की है। तारिक रहमान का नेतृत्व एक पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक है। यह परिवर्तन केवल अंतरिम प्रशासन से सत्ता हस्तांतरण नहीं है, बल्कि उनकी मां एवं पूर्व पीएम खालिदा जिया और शेख हसीना के युग से आगे बढ़ने का संकेत भी है। हालांकि बांग्लादेश में वंशवादी राजनीति का प्रभाव बना हुआ है, फिर भी रहमान ने अपने चुनाव अभियान में अपेक्षाकृत संयमित और व्यावहारिक रुख अपनाया। उन्होंने कानून-व्यवस्था, आर्थिक सुधार और युवाओं के लिए रोजगार पर जोर दिया। भारत के प्रति उनका रुख नरम रहा, जो भविष्य की कूटनीतिक संभावनाओं का संकेत देता है। अपनी मां के निधन के कारण विजय उत्सव स्थगित करने का उनका निर्णय राजनीतिक परिपक्वता का संदेश देता है। चुनाव का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू जमात-ए-इस्लामी का उभार है। वह मुख्य विपक्षी शक्ति के रूप में उभरी है। उसका प्रदर्शन यह दर्शाता है कि बांग्लादेश की राजनीति में राजनीतिक इस्लाम की उपस्थिति अब भी प्रभावशाली है। हालांकि वह सत्ता में नहीं पहुंची, लेकिन उसकी सीटों में वृद्धि महत्व रखती है। उसका उभार देश के पंथनिरपेक्ष तबकों और पड़ोसी देशों में चिंता का विषय रहेगा। 2024 के आंदोलन से उभरी छात्रों की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर सकी। क्रांतिकारी ऊर्जा को संगठित राजनीतिक शक्ति में बदलना आसान नहीं होता और यही उसके साथ हुआ। जमात-ए-इस्लामी के साथ उसका गठबंधन उसके समर्थकों के बीच असमंजस का कारण बना। यह अनुभव दर्शाता है कि जनांदोलन से निकली ताकतों को संस्थागत राजनीति में टिके रहने के लिए मजबूत संगठन और संसाधनों की आवश्यकता होती है।

इस चुनाव ने सामाजिक चुनौतियों को भी उजागर किया। महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सीमित रही, जबकि 2024 के आंदोलन में उनकी भूमिका उल्लेखनीय थी। आर्थिक मोर्चे पर नई सरकार के सामने गंभीर चुनौतियां हैं। बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था निर्यात, विशेषकर परिधान उद्योग पर निर्भर है। राजनीतिक अस्थिरता ने निवेशकों के विश्वास को प्रभावित किया है। जुलाई राष्ट्रीय चार्टर के तहत प्रस्तावित संवैधानिक सुधार यह तय करेंगे कि कार्यपालिका की शक्ति सीमित होगी या नहीं? भारत के लिए बांग्लादेश केवल पड़ोसी नहीं, रणनीतिक साझेदार है। करीब 4,000 किमी लंबी साझा सीमा, पूर्वोत्तर भारत के लिए संपर्क मार्ग और सुरक्षा सहयोग जैसे मुद्दे दोनों देशों को जोड़ते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने तारिक रहमान को बधाई देकर यह संकेत दिया है कि भारत व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाएगा। हालांकि शेख हसीना की भारत में मौजूदगी कूटनीतिक जटिलता पैदा कर सकती है। चीन भी इस बदलाव पर नजर रखेगा, क्योंकि उसके निवेश और सामरिक हित जुड़े हुए हैं। पाकिस्तान से हालिया संपर्क भी क्षेत्रीय समीकरणों में नया तत्व जोड़ता है, हालांकि ऐतिहासिक संदर्भ गहरे रणनीतिक बदलाव की संभावना को सीमित करता है। चुनाव नतीजे यह भी दिखाते हैं कि बांग्लादेश वैचारिक ध्रुवीकरण से थक चुका है और स्थिरता तथा आर्थिक प्रगति चाहता है। राजनीतिक इस्लाम की उपस्थिति बढ़ी है, पर उसने मुख्यधारा की सत्ता को प्रतिस्थापित नहीं किया।

*इस चुनाव की सबसे बड़ी विशेषता अवामी लीग की अनुपस्थिति रही। विरोध प्रदर्शनों के दौरान कथित अपराधों के आधार पर उसे चुनाव लड़ने से रोक दिया गया, लेकिन उसकी अनुपस्थिति ने दशकों से चली आ रही द्विदलीय प्रतिस्पर्धा को समाप्त कर दिया और चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल भी खड़े किए। 1990 के बाद से बांग्लादेश की राजनीति अवामी लीग और बीएनपी के बीच घूमती रही। बीएनपी की जीत उसके लिए पुनरुत्थान और परीक्षा, दोनों है। वर्षों तक विपक्ष में रहने और आंतरिक चुनौतियों से जूझने के बाद पार्टी ने नई ऊर्जा के साथ वापसी की है। तारिक रहमान का नेतृत्व एक पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक है। यह परिवर्तन केवल अंतरिम प्रशासन से सत्ता हस्तांतरण नहीं है, बल्कि उनकी मां एवं पूर्व पीएम खालिदा जिया और शेख हसीना के युग से आगे बढ़ने का संकेत भी है। हालांकि बांग्लादेश में वंशवादी राजनीति का प्रभाव बना हुआ है, फिर भी रहमान ने अपने चुनाव अभियान में अपेक्षाकृत संयमित और व्यावहारिक रुख अपनाया। उन्होंने कानून-व्यवस्था, आर्थिक सुधार और युवाओं के लिए रोजगार पर जोर दिया। भारत के प्रति उनका रुख नरम रहा, जो भविष्य की कूटनीतिक संभावनाओं का संकेत देता है। अपनी मां के निधन के कारण विजय उत्सव स्थगित करने का उनका निर्णय राजनीतिक परिपक्वता का संदेश देता है। चुनाव का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू जमात-ए-*

## सम्पादकीय

## अरावली पर सुप्रीम कोर्ट का 'सुरक्षा कवच



यह छिपी बात नहीं है कि जितने बड़े इलाके में अरावली की पहाड़ियां फैली हैं, वहां और उसके आसपास उसकी क्या अहमियत है। इसे सिर्फ इतने से समझा जा सकता है कि समूची पर्वत-श्रृंखला को एक जीवन-रेखा की तरह देखा जाता है। विडंबना यह है कि वहां खनन और अन्य गतिविधियों की वजह से पूरे क्षेत्र में पड़ने वाले प्रभाव और उसके नुकसानों को देखते हुए जब अरावली के संरक्षण के लिए स्वर तेज हो रहे हैं, वैसे में भी सरकार को नई परियोजनाओं के असर पर विचार करना जरूरी नहीं लग रहा है। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट में गुरुग्राम और नूंह जिले में प्रस्तावित जंगल सफारी पर विस्तृत योजना जमा करना चाहती थी। हरियाणा सरकार की ओर से अदालत में यह दलील भी दी गई कि सफारी परियोजना की विस्तृत रपट में जरूरत की भूमि को दस हजार एकड़ से बदल कर तीन हजार तीन सौ एकड़ कर दिया गया है। मगर शीर्ष अदालत ने इस पर सख्त रुख अख्तियार किया और कहा कि जब तक विशेषज्ञ अरावली क्षेत्र की परिभाषा को बिल्कुल स्पष्ट नहीं कर देते, तब तक किसी को भी अरावली को छूने नहीं दिया जाएगा और कोई भी विकास या निर्माण कार्य की अनुमति नहीं दी जाएगी। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अक्तूबर में हरियाणा सरकार की प्रस्तावित 'अरावली जू सफारी' परियोजना पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। हालांकि सरकार का कहना था कि इस परियोजना के तहत विश्व की सबसे बड़ी सफारी तैयार की जाएगी, जिसमें बाघ, पक्षी, सरीसृप और तितलियों के लिए अलग-अलग क्षेत्र बनाए जाने थे। मगर भारतीय वन सेवा के पांच सेवानिवृत्त अधिकारियों और एक संगठन की ओर से दायर याचिका में कहा गया कि पहले ही संकट का सामना कर रही अरावली पर्वत-श्रृंखला के लिए यह परियोजना विनाशकारी साबित होगी। यह समझना मुश्किल है कि 'जू सफारी' बनाने या ऐसी अतिरिक्त गतिविधियों को जहां समूचे अरावली क्षेत्र के लिए नुकसानदेह माना जा रहा है, पर्यावरणविद् इसके लिए चेताते रहे हैं, उस इलाके में अरावली के परिभाषित होने तक रुकना क्यों जरूरी नहीं समझा जा रहा है। जिस पहलू को सरकार को खुद समझना चाहिए, उसके लिए शीर्ष अदालत को बताने की जरूरत क्यों पड़ रही है। दरअसल, इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने पिछले वर्ष नवंबर में अरावली पहाड़ियों और पर्वतमाला की एक जैसी परिभाषा को स्वीकार कर लिया था। हालांकि बाद में विशेषज्ञों की रपट आने तक दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैले इसके इलाकों में खनन के नए पट्टे देने पर रोक लगा दी थी। चार राज्यों और कई सौ किलोमीटर के क्षेत्र में फैली अरावली दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखलाओं में एक है और यह थार मरुस्थल को पूर्व यानी दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में फैलने से रोकने वाली एक प्राकृतिक ढाल के रूप में काम करती है। इसे समूचे उत्तर-पश्चिम भारत के लिए एक बेहद अहम पारिस्थिति तंत्र के रूप में देखा जाता है और भूजल के पुनर्भरण, मानसून को प्रभावित करने तथा जैव विविधता के संरक्षण में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

# खतरा बना एंटीबायोटिक का दुरुपयोग



एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) आज दुनिया के सामने खड़े सबसे गंभीर, लेकिन सबसे कम समझे गए या जा रहे सार्वजनिक स्वास्थ्य संकटों में से एक है। यह समस्या धीरे-धीरे उपचार के आधार को कमजोर कर रही है। बैक्टीरिया, वायरस, फंगस और परजीवी जब दवाओं के प्रति प्रतिरोधी हो जाते हैं, तब सामान्य संक्रमण भी जानलेवा बन सकते हैं। भारत जैसे विकासशील देशों पर इसका असर और भी गहरा है, जहां संक्रमण का बोझ अधिक और स्वास्थ्य संसाधन सीमित हैं।

2019 में दुनिया भर में लगभग 50 लाख मौतें एएमआर से जुड़ी थीं। यदि वर्तमान में हम इसे लेकर जागरूक नहीं हुए और इस पर नियंत्रण नहीं किया, तो भविष्य में यह संख्या प्रतिवर्ष एक करोड़ तक पहुंच सकती है। यह संकट इसलिए भी खतरनाक है, क्योंकि इसके लक्षण धीरे-धीरे सामने आते हैं, जब उपचार बेअसर होने लगता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। प्रधानमंत्री मोदी यह कहते रहे हैं कि चिकित्सकीय परामर्श के बिना एंटीबायोटिक का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। यह अपील इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि आम सर्दी-खांसी, बुखार या वायरल संक्रमण जैसे कई रोग स्वयं ठीक हो जाते हैं, जिनमें एंटीबायोटिक का कोई रोल नहीं होता। इसके बावजूद दवाओं का अनावश्यक और तर्कहीन उपयोग हमारे समाज में आम व्यवहार बन चुका है। इस तरह का अंधाधुंध प्रयोग सूक्ष्म जीवों को और अधिक प्रतिरोधी बनने का अवसर देता है, जिससे भविष्य में जीवन रक्षक दवाएं असरहीन हो सकती हैं। यह स्थिति इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि जिस गति से सूक्ष्म जीव प्रतिरोधी बन रहे हैं, उस अनुपात में नई एंटीबायोटिक दवाएं विकसित नहीं हो रहीं। पिछले लगभग दो दशकों में एंटीबायोटिक्स की कोई नई प्रमुख श्रेणी सामने नहीं आई है। एक नई एंटीबायोटिक दवा विकसित करना 15 से 20 वर्षों का लंबा, जटिल और अत्यंत महंगा कार्य है। भारी निवेश के बावजूद आर्थिक प्रतिफल सीमित रहता है। यही कारण है कि फार्मास्युटिकल कंपनियां इस क्षेत्र में बड़े निवेश से कतराती हैं।

सरकार ने एएमआर को रोकने के लिए कई स्तरों पर कार्ययोजना बनाई है। राष्ट्रीय कार्ययोजना के तहत निगरानी प्रणाली को मजबूत किया जा रहा है, ताकि दवा प्रतिरोध के रुझानों पर समय रहते नजर रखी जा सके। एंटीबायोटिक की ओवर-द-काउंटर बिक्री पर नियंत्रण, अस्पतालों में एंटीमाइक्रोबियल स्टूअर्डशिप कार्यक्रम और प्रयोगशाला आधारित जांच को बढ़ावा देना इसी दिशा में उठाए गए कदम हैं। पशुपालन, कृषि और मत्स्य पालन में एंटीबायोटिक के उपयोग को नियंत्रित करने के प्रयास भी सरकार की वन हेल्थ रणनीति का हिस्सा हैं, जो मानव, पशु और पर्यावरण के स्वास्थ्य को एक-दूसरे से जुड़ा मानती है। इस लड़ाई में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन भी अहम भूमिका में है। आइएमए देश भर के चिकित्सकों को एएमआर के प्रति जागरूक करने, जिम्मेदार प्रिस्क्रिप्शन को बढ़ावा देने और आम जनता तक सही संदेश पहुंचाने में सक्रिय जिम्मेदारी निभा रहा है। आइएमए की एएमआर कमेटी लगातार यह चेतावनी देती रही है कि एंटीबायोटिक का दुरुपयोग केवल इलाज को मुश्किल नहीं बनाता, बल्कि पूरी पीढ़ी के लिए खतरा पैदा करता है। एंटीबायोटिक का सबसे अधिक दुरुपयोग मानव स्वास्थ्य की रक्षा के बजाय पशुओं, फल और सब्जियों की ग्रोथ बढ़ाने में हो रहा है। इस संकट का एक गंभीर पहलू पर्यावरण और नदियों से भी जुड़ा है।

*यह अपील इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि आम सर्दी-खांसी, बुखार या वायरल संक्रमण जैसे कई रोग स्वयं ठीक हो जाते हैं, जिनमें एंटीबायोटिक का कोई रोल नहीं होता। इसके बावजूद दवाओं का अनावश्यक और तर्कहीन उपयोग हमारे समाज में आम व्यवहार बन चुका है। इस तरह का अंधाधुंध प्रयोग सूक्ष्म जीवों को और अधिक प्रतिरोधी बनने का अवसर देता है, जिससे भविष्य में जीवन रक्षक दवाएं असरहीन हो सकती हैं। यह स्थिति इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि जिस गति से सूक्ष्म जीव प्रतिरोधी बन रहे हैं, उस अनुपात में नई एंटीबायोटिक दवाएं विकसित नहीं हो रहीं। पिछले लगभग दो दशकों में एंटीबायोटिक्स की कोई नई प्रमुख श्रेणी सामने नहीं आई है। एक नई एंटीबायोटिक दवा विकसित करना 15 से 20 वर्षों का लंबा, जटिल और अत्यंत महंगा कार्य है। भारी निवेश के बावजूद आर्थिक प्रतिफल सीमित*

# बांग्लादेश में बदलाव



लंबे समय तक अस्थिरता-अराजकता से जूझते रहे बांग्लादेश के चुनाव परिणाम इस देश को स्थिरता प्रदान करते दिख रहे हैं। इसका कारण यह है कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी सरकार बनाने के लिए आवश्यक सीटों से कहीं अधिक सीटें जीतने में सफल रही और उसके नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया। बांग्लादेश के चुनाव आम तौर पर शांतिपूर्ण रहे, लेकिन उन्हें निष्पक्ष नहीं कहा जा सकता, क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को प्रतिबंधित कर चुनाव लड़ने से रोक दिया गया। तथ्य यह भी है कि मुख्य विपक्षी दल के रूप उभरी जमात-ए-इस्लामी चुनाव नतीजों को स्वीकार करने में आनाकानी करती दिख रही है। बांग्लादेश में हमेशा चुनावों की निष्पक्षता को लेकर सवाल उठते रहे हैं। चूंकि कट्टरपंथी और पाकिस्तानपरस्त जमात-ए-इस्लामी परास्त हो गई, इसलिए भारत राहत की सांस ले सकता है, लेकिन यह ध्यान रहे कि उसे उम्मीद से कहीं अधिक सीटें मिलीं। जमात-ए-इस्लामी के साथ मिलकर चुनाव लड़ी छात्रों की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी को कोई खास सफलता न मिलना भी भारत के लिए राहतकारी है। इन्हीं छात्रों ने जुलाई 2024 में शेख हसीना सरकार के खिलाफ आंदोलन छेड़ा था, जिसके नतीजे में उन्हें भारत में शरण लेनी पड़ी थी। भारत विरोधी तेवर अपनाए नेशनल सिटीजन पार्टी का हश्र यही बताता है कि उसका आंदोलन न तो किसी क्रांति का परिचायक था और न ही किसी सकारात्मक बदलाव का। चूंकि बांग्लादेश में चुनाव के साथ संवैधानिक बदलावों पर जनमत संग्रह भी हुआ, इसलिए वहां नई सरकार के गठन के साथ ही राजनीतिक ढांचे में परिवर्तन होना तय है। यह स्वाभाविक है कि बांग्लादेश की नई सरकार के रवैये पर भारत की गहरी निगाह होगी। भारत को न केवल यह देखना होगा कि बांग्लादेश की नई सरकार उसके हितों के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देती है या नहीं, बल्कि यह भी कि वह कट्टरपंथियों समेत अन्य भारत विरोधी तत्वों पर लगाम लगाती है या नहीं? भारत को यह तो खास तौर पर देखना होगा कि इस पड़ोसी देश में हिंदुओं का दमन रुकता है या नहीं? बांग्लादेश की नई सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसके यहां पूर्वोत्तर भारत के विद्रोही गुटों को शरण न मिले।

# रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म, एक यूनिट रक्त जरूरतमंद को जीवनदान दे सकती हैः मेवाड़ा

## हरिशंकर मेवाड़ा के 61वें जन्मदिन पर शिविरः लोगों ने 61 यूनिट ब्लड डोनेट किया






जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** कांग्रेस के पूर्व प्रधान व कांग्रेस प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा का शनिवार को 61वां जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुमेरपुर स्थित वर्धन ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ, जिसमें विधानसभा क्षेत्रभर से कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता व आमजन ने भाग लेकर 61 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का आयोजन पूर्व यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष जगदीश राजपुरोहित व कांग्रेस नगर उपाध्यक्ष शैतान कुमार ने किया। कार्यकर्ताओं ने मेवाड़ा का माला-साफा पहनाकर व केक काटकर शुभकामनाएं दीं, वहीं सुबह से सोशल मीडिया व दूरभाष पर बधाइयों का सिलसिला चलता रहा। सुमेरपुर व तखतगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शिविर में पहुंचे। मेवाड़ा ने रक्तदाताओं की कुशलक्षेम पूछते हुए उनका आभार जताया। रक्तदाताओ को संबोधित करते हुए मेवाड़ा ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। एक यूनिट रक्त जरूरतमंद के लिए जीवनदान बन सकता है, इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। इससे शरीर पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता बल्कि स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है और समाज में मानवता की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम में सेवा भाव के साथ जन्मदिन मनाने की परंपरा को सराहा गया। इस दौरान कांग्रेस सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नेपाल सिंह पावा, खेलकूद प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मुकेश बारोलिया, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह जाखोड़ा, भूराराम देवासी, मनोहर परमार, पुखराज घांची, फुटरमल सुथार, आनंद सिंह बडली, अमृतलाल पराखिया, अलकेश परिहार, डुंगरदास वैष्णव, लखन मीणा सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मातृ पितृ पूजन दिवस समारोह का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** इंद्रेश बाल निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मातृ पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से समारोह का शुभारंभ किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद हजारीलाल शर्मा ने बच्चों को अपने माता-पिता दादा, दादी का सम्मान प्रतिदिन करना चाहिए। बड़ों का सम्मान करने पर प्रणाम करने से विद्या, आयु, यश व बल बढ़ते हैं। संस्था सचिव श्याम किरण शर्मा ने उपस्थित छात्राओं के माता-पिता का सम्मान उनके बच्चों से माल्यार्पण की ओर से करवाया गया व माता-पिता ने अपने बच्चों को आशीर्वाद दिया। समारोह को कैलाश तिवारी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में दुर्गा प्रसाद कुमावत, संदीप कुमावत, अलाउद्दीन, रामबाबू व्याख्याता, माया शर्मा, पूजा कुमावत, रीमा अग्रवाल, गुड्डु जांगिड़, तन्नू, गोरी, वैष्णवी जांगिड, इंदू, कमल सेन, राहुल, अनिल, रामबाबू व अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पुलवामा के वीर शहीदों को छात्र-छात्राओं ने दी श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** रेनवाल मांझी क्षेत्र में स्थित शक्ति विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को एक भावुक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में हुए आत्मघाती हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्र- छात्राओं व शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखा।विद्यालय के प्रधानाचार्य रामराज जाट ने कहा कि पुलवामा के वीर शहीदों ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।उन्होंने बताया कि हमारे सैनिक देश की सीमाओं पर दिन-रात चौकसी रखते हैं, जिससे देश के नागरिक शांति से जी सके। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियां इन वीर शहीदों के बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को कभी नहीं भूलेगी। कार्यक्रम में छात्रों ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि पुलवामा के शहीदों ने देश के लिए जान की कुर्बानी दी, जिसे देश कभी नहीं भूल सकता।इस मौके पर विष्णु शर्मा, गणेश सिंह, दिनेश रमन, सरोज मौर्य, कल्पना शर्मा, संदीप टेलर, हिम्मत सिंह, पूनम शर्मा, नीलम पाल, मुकेश चौधरी, मनोहर लाल बैरवा के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 177.77 लाख की लागत से मोहब्बतपुरा-कौशल्या दास की बावड़ी सड़क निर्माण कार्य शुरू



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** रेनवाल मांझी क्षेत्र के मोहब्बतपुरा से कौशल्या दास की बावड़ी तक बनने वाली सड़क का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया है। चाकसू विधायक रामावतार बैरवा की अनुशंसा तथा प्रशासक विमला चौधरी व समाजसेवी जितेन्द्र शर्मा के प्रयासों से जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से 177.77 लाख रुपए की लागत से इस सड़क के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ प्रशासक प्रतिनिधि ओमप्रकाश भींचर व समाजसेवी जितेन्द्र शर्मा ने विधिवत मुहूर्त कर किया। इस सड़क के निर्माण से मोहब्बतपुरा पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। ग्रामीणों ने विधायक रामावतार बैरवा से दूरभाष पर वार्ता कर आभार व्यक्त किया। सड़क निर्माण पूर्ण होने के उपरांत विधायक की ओर से शिलान्यास किया जाएगा। इस अवसर पर ओमप्रकाश भींचर, रविशंकर बैरवा, दौलत सिंह बाबोसा, मदन लाल शर्मा, रामकिशोर शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, समाजसेवी जितेन्द्र शर्मा, शिवपाल खंडेलवाल, सुरेश डोडवाडिया, नवरत्न माहेश्वरी, सीता जांगिड़, लोकेश शर्मा, बद्री बागड़ा, शंकर लाल शर्मा, दिनेश मेहता, दिनेश बागड़ा, विनय शर्मा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विशेष लोक अदालत में एसबीआई के 17 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण

जयपुर टाइम्स



**मकराना(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डीडवाना के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति, मकराना में भारतीय स्टेट बैंक के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। तालुका मुख्यालय पर आयोजित लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निस्तारण के लिए गठित बैंच में अध्यक्ष के रूप में आशा चौधरी, अपर जिला व सेशन न्यायाधीश तथा सदस्य के रूप में पैनल अधिवक्ता तलत हुसैन हनीफी शामिल रहे। बैंच के समक्ष प्रस्तुत प्रकरणों में से 17 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का आपसी सहमति से निस्तारण किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष शेख अकबर अली, महासचिव सिकन्दर खां, दिनेश कुमार सोनी तथा एसबीआई की ओर से शाखा प्रबंधक ओमप्रकाश ठोलिया, सुशील कुमार, राहुल कुमार एवं कर्मचारी विश्राम मीना, मांगूराम गुर्जर और गुमानाराम उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ता सम्मेलन आज, मीरा मैरिज गार्डन में होगा समापन



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की ओर से को फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन व व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गांवों व ढाणियों में कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए दोपहर 1:00 बजे फुलेरा स्थित मीरा मैरिज गार्डन, जोबनेर रोड पर मुख्य सम्मेलन का आयोजन होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 11:15 बजे श्री वीर तेजाजी चौक (खण्डेल) से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके पश्चात कंवरासा (ग्राम पंचायत खण्डेल), काजीपुरा, भुरोदियों की ढाणी (काजीपुरा), सिनोदिया, श्यामपुरा, प्रतापपुरा, खतवाड़ी, भाटीपुरा, श्योसिंहपुरा, जैतपुरा, नरैना, सामलपुरा, नौरंगपुरा स्टैंड, सिवानियां मोड़ तथा ईटावा मोड़ (फुलेरा) सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात व संवाद किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिलीप चौधरी (पूर्व मंत्री व प्रदेश प्रभारी, राजस्थान), छूटनजी यादव (जिला प्रभारी), शंकर नारनौलिया (प्रदेश कार्यालय प्रभारी) व प्रभातीलाल (पूर्व आरएस व अजमेर संभाग प्रभारी) की उपस्थिति रहेगी। आरएलपी प्रभारी मानाराम ठोलिया ने बताया कि अंतिम सभा में फुलेरा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों व नगर पालिका क्षेत्र से बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने सम्मेलन को संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के उत्साहवर्धन के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## सिंचाई व बिजली क्षेत्र में ऐतिहासिक बजट प्रावधानों पर भाजपा नेताओं ने जताया मुख्यमंत्री का आभार




जयपुर टाइम्स

**श्रीगंगानगर(निस)।** भाजपा जिला कार्यालय श्रीगंगानगर में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा नेताओं ने राज्य बजट में सिंचाई व बिजली क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधानों को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्रीचंद चौधरी ने बताया कि प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ ने कहा कि श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिले में सिंचाई तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए सरकार ने 3350 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। इसके पूर्ण होने पर पूरे क्षेत्र को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के जिले के विकास के लिए कार्य कर रही है। बराड़ ने बताया कि बजट में बिजली तंत्र को मजबूत करने तथा जिले को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी बड़ी राशि का प्रावधान किया गया है। साथ ही मिनी सचिवालय के लिए धनराशि जारी हो चुकी है और भाखड़ा नहर के जीर्णोद्धार से पांच विधानसभा क्षेत्रों के लाखों लोगों को फायदा मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भर्ती कैलेंडर जारी होने से युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और शीघ्र ही जिले को हवाई सेवा का लाभ भी प्राप्त होगा। जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश और देश के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विपक्ष की ओर से फैलाए जा रहे भ्रम से सावधान रहने का आह्वान करते हुए कहा कि वित्त मंत्री दिया कुमारी की ओर से प्रस्तुत बजट में सड़क, पानी, बिजली सहित सभी वर्गों के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुरेंद्र गोदारा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सतपाल कासनियां, जिला मीडिया सह संयोजक हनुमान भार्गव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## करंट लगने से किसान की मौत, प्रशासन की देरी से भड़का ग्रामीणों का आक्रोश

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निस)।** उपखंड के मेड क्षेत्र स्थित बिहाजर ग्राम में कृषि कार्य के दौरान करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब किसान ट्यूबवेल पर स्टार्टर चालू कर रहा था। घटना के बाद पुलिस व बिजली विभाग के मौके पर समय पर नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश देखने को मिला।जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान पूरावाला पंचायत के ग्राम छिंड निवासी बाबूलाल गुर्जर के रूप में हुई है। बाबूलाल गुर्जर सुबह अपने ट्यूबवेल पर कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान जैसे ही उन्होंने स्टार्टर चालू किया, उसमें अचानक 11000 वोल्ट का करंट दौड़ गया और वे उसकी चपेट में आ गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें मेड सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।परिजनों को सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक चार भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था तथा परिवार में वही एकमात्र कमाने वाला था। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर बताई जा रही है।घटना के बाद किसान नेताओं डालचंद गुर्जर और झब्बू गुर्जर ने आरोप लगाया कि सूचना देने के बावजूद करीब ढाई घंटे तक पुलिस प्रशासन और बिजली विभाग का कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। इस देरी से ग्रामीणों में रोष फैल गया। बाद में पुलिस के पहुंचने पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि मेड पुलिस चौकी केवल एक कांस्टेबल के भरोसे संचालित हो रही है। चौकी पर कोई जिम्मेदार अधिकारी तैनात नहीं है। किसी भी घटना की स्थिति में पुलिस को करीब 15 किलोमीटर दूर विराटनगर थाने से आना पड़ता है। सब-इंस्पेक्टर का पद होने के बावजूद अधिकारी चौकी की बजाय थाने में ही रहते हैं।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि मेड क्षेत्र में आए दिन जाम की समस्या रहती है। इन दिनों मटर की फसल के कारण शाम को मटर मंडी लगने से बस स्टैंड क्षेत्र में भारी जाम लगता है, लेकिन यातायात व्यवस्था संभालने के लिए चौकी पर पर्याप्त पुलिस बल नहीं है। रात में गश्त भी प्रभावी ढंग से नहीं हो पाती। हाल ही में चोरों द्वारा ट्रांसफार्मर से सामान चोरी किए जाने की घटनाएं भी सामने आई हैं। चौकी पर पर्याप्त स्टाफ नहीं होने से चोरों के हौसले बढ़े हुए हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि मेड पुलिस चौकी पर शीघ्र जिम्मेदार अधिकारियों की तैनाती की जाए तथा बिजली विभाग की लापरवाही पर भी कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## डॉ. अंबेडकर शिक्षा सदन का भव्य लोकार्पण, प्रतिभाओं व भामाशाहों का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** वार्ड नंबर 38 खटीकों का मोहल्ला स्थित खटीक समाज सभा स्थल पर शनिवार को संत श्री दुर्बल नाथ खटीक समाज सेवा समिति के तत्वावधान में डॉ. अंबेडकर शिक्षा सदन का भव्य लोकार्पण व प्रतिभा व भामाशाह सम्मान समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित हुआ। कार्यक्रम में समाज के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और पूरे आयोजन स्थल पर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। समारोह के मुख्य अतिथि उदित राज ने शिक्षा को समाज की उन्नति का मूल आधार बताते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा सदन के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और समाज में जागरूकता बढ़ेगी। विशिष्ट अतिथि बाबूलाल नागर चौमूं विधायक डॉ. शिखा मील बराला और डीवाईएसपी प्रदीप शर्मा ने भी अपने संबोधन में समाज को संगठित होकर शिक्षा और सामाजिक विकास के कार्यों में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान समाज की मेधावी छात्र-छात्राओं व सहयोगी भामाशाहों को सम्मानित किया गया। समिति अध्यक्ष दिनेश बागोरिया ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं और समाजजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि शिक्षा सदन समाज के विद्यार्थियों के लिए अध्ययन, मार्गदर्शन और प्रेरणा का केंद्र बनेगा।

समारोह के सफल आयोजन से समाज में नई ऊर्जा और एकजुटता का संदेश गया। समारोह की अध्यक्षता के एल वर्मा ने की। कार्यक्रम में शंकर लाल बागोरिया, गिरिराज बागोरिया, लेखराज बागोरिया, सत्यनारायण गंगवाल, गुलाबचंद बागोरिया, मनोज बागोरिया, हनुमान सहाय बुटोलिया, घनश्याम बुटोलिया, जगदीश बुटोलिया, प्रेमचंद चौहान, रमेश बुटोलिया, भवानी शंकर आसीवाल, रमेश आसीवाल, दीपक बागोरिया हरिकिशन बागोरिया, राजेंद्र बागोरिया सहित समाज के लोग मौजूद रहे। मंच संचालन हनुमान सहाय बुटोलिया व पूरण बाबा ने किया।

## रक्तदाता फैयाज खान के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित, युवाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** बर्थ डे ब्लड डोनेशन ड्राइव अभियान के तहत नियमित रक्तदाता फैयाज खान के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शनिवार को श्री कल्याण मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूर्व राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारी ईश्वर सिंह राठौड़, ब्लड मोटिवेटर बी.एल. मील, दयाल सिंह रोरू, ब्लड बैंक चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. कैलाश चंद्र जाट, राजेंद्र सैनी, डॉ. सीमा शर्मा, ब्लड बैंक अधीक्षक सत्येंद्र कुड़ी व नरेंद्र बाजिया ने उपस्थित रहकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। 'एक शाम शहीदों के नाम' के संयोजक चंद्रप्रकाश बिजारणिया ने बताया कि शिविर में युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लेकर रक्तदान किया। इस दौरान संदीप बायल ने 41वीं बार, अनुराग चौधरी ने 25वीं बार, मनोज शर्मा एवं उमेश नायक ने 20वीं बार, रामस्वरूप सैनी ने 18वीं बार तथा शुभम कूदन ने 16वीं बार रक्तदान किया। शिविर में ऋषभ शर्मा, संदीप बोयल, सुनील सेवदा, अनिल, विनोद, सीताराम चौधरी, शीशराम रुलानिया, रामस्वरूप सैनी, पवन, नवीन रणवा, सचिन मीणा, अमित, अंकित, प्रदीप, मनीष, मनोज यादव सहित अनेक नागरिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत राजनोता, पंचायत समिति पावटा (कोटपूतली बहरोड़)**

क्रमांक :- ग्रा.पं.रा/ निविदा / 2025-26/300 दिनांक : 13/02/2006

**ई-निविदा सूचना 2025-26**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत राजनोता में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए.बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड वर्ष) कार्य के लिए आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्ते एवं जी-शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http//sppp.rajasthan.gov.in/ व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत राजनोता**
**पंचायत समिति पावटा**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत राजनोता**
**पंचायत समिति पावटा**

## हिन्दू सम्मेलनः सामाजिक समरसता के साथ लिया गौ रक्षा का संकल्प



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** शिवाजी पार्क, जयपुर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य वक्ता गेंदालाल, सह क्षेत्र कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रहे व पूज्य प्रकाशदास महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पूर्व मोती डूंगरी गणेशमंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें 1100 की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गेंदालाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठित हिंदू समाज से ही भारत व विश्व का कल्याण संभव है तथा पंच परिवर्तन की ओर से ही समाज परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त हो सकता है इसलिए स्वयं के निजी जीवन व परिवार में पंच परिवर्तन की नियमित बातचीत होकर जीवन में उतारें। कार्यक्रम में संत प्रकाश दास महाराज का भी सानिध्य रहा। महाराज ने अपने देशभक्ति भजनों उद्बोधन से हिन्दू समाज को प्रेरित कर प्रत्येक व्यक्ति से गौ रक्षा का व प्रत्येक परिवार से एक गाय गोद लेने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में पंच परिवर्तन के विषयों यथा पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार व सामाजिक समरसता पर प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही प्रेरणादाई साहित्य तथा गौ उत्पाद की स्टॉल भी लगाई गई। आयोजन समिति के अध्यक्ष कर्नल राजेंद्र सिंह शेखावत आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** शहीद भगत सिंह फोर्स की ओर से शुक्रवार को सादुलपुर बस स्टैंड पर पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थित युवाओं व नागरिकों ने शहीदों के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर मोमबत्तियां जलाकर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने शहीद अमर रहे, अमर रहे के नारों के साथ देश के वीर सपूतों को याद किया और 2 मिनट का मौन रखकर उनकी शहादत को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अनूप पूनिया व सुखवीर सहारा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलवामा के शहीदों का बलिदान देश हमेशा याद रखेगा और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में सतवीर खेमाणा, सूरजभान रडवा राजेश भामासी, शिव मंगल सेऊवा डॉ राजकुमार फागेडिया निकंदन ढाका धर्मवीर महला, राजवीर नाई कर्णसिंह फौजी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए उनकी स्मृति को सदैव जीवित रखने का संकल्प लिया।

## सुंदरलाल गंगानी स्मृति 24वां कथक नृत्य महोत्सव कल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निस)।** तहसील के बड़ाबर गांव के अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथक गुरु पंडित सुंदरलाल गंगानी की स्मृति में 24वां कथक नृत्य महोत्सव 16 फरवरी को बड़ौदा के कीर्ति मंदिर सभागार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन कथक दर्शन चेरिटेबल ट्रस्ट, बड़ौदरा के तत्वावधान में शाम को होगा। द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि महोत्सव में कथक नृत्य के प्रख्यात कलाकार पंडित जगदीश गंगानी, पंडित दुर्गेश गंगानी, डॉ. समीरा कौशर, डॉ. प्रीति साठे दामले, रक्षिता जैन, जयश्री, हर्षिता, कशिश, मैमूना, वृषाली व वाणी सहित अनेक कलाकार



अपनी मनोहारी प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर वर्ष 2026 का पंडित सुंदरलाल गंगानी 'चंद्रकला सम्मान' कथक गुरु डॉ. शोभा कौशर और भरतनाट्यम के प्रतिष्ठित कलाकार विजय आनंद शिवरामन को प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि यूनिवर्सिटी चांसलर राजमाता शुभांगिनी राजे गायकवाड़ रहेंगे, जबकि बनारस घराने के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक सुखविंदर सिंह सहित अजय रांका व निशीथ मेहता भी उपस्थित रहे।

## गीताजंली पब्लिक स्कूल में मातृ-पितृ दिवस पर पत्र लेखन प्रतियोगिता



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** गीतांजली पब्लिक स्कूल में मातृ-पितृ दिवस के उपलक्ष में स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ श्वेता कोचर व जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार विद्यालय के माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के अपने माता-पिता व अभिवावकों को उनके वोट देने के संवैधानिक अधिकार के महत्व को समझाने व मतदान के लिए प्रेरित करने, केवाईसी, सी. विजिल एप सहित डिजिटल सुविधाओं के बारे में जागरूक करने के लिए पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुल 205 छात्र छात्राओं ने उसमें अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरुवात विद्यालय के चेयरमैन दामोदर जो गौतम की ओर से बच्चों को मतदान के महत्व व डिजिटल सुविधाओं के बारे में बताकर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक गौरव गौतम व विद्यालय के प्रबंधक निर्देशक विनय गौतम ने बच्चों को माता-पिता के सम्मान व उनके होने के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की अध्यापिका कृष्णा वर्मा ने किया। इस दौरान विद्यालय के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

# प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठाः कलश यात्रा के साथ आगाज, सैकड़ों श्रद्धालु जुटे

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 17 स्थित श्री प्रजापति - समाज के प्राचीन जीणमाता मन्दिर में शनिवार को धार्मिक आयोजन की धूम है। यहां शिव परिवार, जीणमाता, हनुमान, यादे माता की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के साथ धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर भगवान गणेश, माता गौरी, भगवान कार्तिकेय और नंदी की मूर्तियों के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई। पंडित जितेन्द्र इन्दोरिया सहित कुल पांच पण्डितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा कराई। विधि-विधान से वेदी पूजा और देव आवाहन किया गया। कलश स्थापना के साथ देवी-देवताओं की षोडशोपचार पूजा भी संपन्न हुई। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व सौभाग्यवती महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कस्बे की और





प्रजापति समाज की माताओं-बहनों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस धार्मिक कार्यक्रम के मुख्य यजमान जयपुर प्रवासी सीताराम भोड़ीवाल रहे।कार्यक्रम में मण्डावा जीएसएस के पूर्व अध्यक्ष नारायण कुमावत, सत्यनारायण शर्मा, लेखूराम टेलर, नागरमल टेलर,अशोक सनोदिया, भंवरलाल मारवाल, राम प्रसाद, सन्तोष, श्रीराम चेजारा, कमल, गोरर्धन वकील, रवि, कमलेश, नरोत्तम चेजारा, राकेश, नथमल, विशाल, मन्जू, सुमन, पल्लवी मिश्रा, उमा पाराशर, पूनम, मांगेराम दहिया, राजेन्द्र सनोदिया, बनवारी किरोड़ीवाल, एसएन इन्दोरिया सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के तहत विद्यार्थियों को ट्रैकसूट व जूते वितरित

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव बंधनाऊ दिखनादा के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के सफल क्रियान्वयन के अंतर्गत एक विशेष सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के 22 चयनित छात्राओं को निःशुल्क ट्रैकसूट व जूतों का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य हरिप्रसाद सरावग ने की। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि आत्मरक्षा का प्रशिक्षण न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाता है बल्कि छात्राओं में आत्मविश्वास का भी संचार करता है। उन्होंने सरकार की इस योजना को छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर योजना की प्रभारी एवं वरिष्ठ विज्ञान अध्यापिका सरिता उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रशिक्षण की बारीकियों और ट्रैकसूट की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उचित वेशभूषा से अभ्यास के दौरान छात्राओं को सुगमता होगी। सामग्री पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे और उन्होंने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण में भाग लेने का संकल्प लिया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

## मातृ-पितृ पूजन दिवस पर भारतीय संस्कृति, संस्कार विषय पर की वार्ता

जयपुर टाइम्स





**सरदारशहर(निस)।** शहर के आदर्श महाविद्यालय में मातृ-पितृ पूजन दिवस के अवसर पर भारतीय संस्कृति में निहित संस्कार व मूल्य विषय पर एक प्रसार वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी गौरवशाली संस्कृति और माता-पिता के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉ कंचन शर्मा ने अपने संबोधन में भारतीय संस्कृति की गहराई पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय जीवन की पद्धति में 16 संस्कारों का विशेष महत्व है जो मनुष्य को अनुशासित और नैतिक बनाते हैं। इन्होंने कहा कि अतिथि देवो भव और माता-पिता व गुरु की महिमा हमारे समाज की नींव है। वर्तमान दौर में युवाओं को अपनी संस्कृति से जुड़कर ही सच्ची सफलता प्राप्त हो सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मनीषा वर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए बताया कि माता-पिता के आशीर्वाद में ही ईश्वर का वास होता है। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी में मानवीय मूल्यों का संचार होता है। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की प्राध्यापक उमेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक मुकेश सुथार ने मुख्य अतिथि, शिक्षक और विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक महेश छिंपा, वेद प्रकाश बारोड़, लोकेश सेन, आशीष पारीक, राजेंद्र भट्ट, सुमन चौहान, उमा भारती जांगिड़ और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

## साहित्य समाचारः हेतु भारद्वाज को मिलेगा घासीराम वर्मा साहित्य पुरस्कार








जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** साहित्य, संस्कृति व सामाजिक सरोकारों में संलग्न प्रयास संस्थान द्वारा प्रांत के हिंदी साहित्य को समर्पित वार्षिक घासीराम वर्मा साहित्य पुरस्कार वर्ष 2026 के लिए डॉ. हेतु भारद्वाज को दिया जाएगा। प्रयास संस्थान के सचिव कमल शर्मा ने बताया कि संस्थान की ओर से वर्ष 2008 से निरंतर यह वार्षिक पुरस्कार राजस्थान के हिंदी साहित्यकारों को प्रदान किया जाता है। इस कड़ी में वर्ष 2026 के लिए यह पुरस्कार जयपुर निवासी अट्ठासी वर्षीय डॉ. हेतु भारद्वाज को काव्य-नाटक 'पूर्णावतार' के लिए दिया जाएगा। सचिव शर्मा ने बताया कि पुरस्कार स्वरूप साहित्यकार को इक्कावन हजार रुपये, शॉल, श्रीफल और मानपत्र देकर अंलकृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार अब तक डॉ. सत्यनारायण, मनीषा कुलश्रेष्ठ, हेमंत शेष, रत्नकुमार सांभरिया, कमर मेवाड़ी, पल्लव, भगवान अटलानी, माधव हाड़ा, नंदकिशोर आचार्य, पद्मजा शर्मा, ऋतुराज, जवरीमल्ल पारख, विनोद पदरज, कृष्ण कल्पित, जितेंद्र भाटिया, जीवन सिंह आदि के नाम हो चुका है।

## खोरु धाम पदयात्रा की कार्यकारिणी गठित

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** खोरु धाम पदयात्रा के आयोजन को लेकर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। यह निर्णय खोरू धाम मंदिर के महंत बनवारी लाल पुजारी के सानिध्य में आयोजित बैठक में लिया गया। कार्यक्रम संयोजक जयशंकर पुजारी ने बताया कि पदयात्रा 27 फरवरी को शाम 3 बजे सीताराम जी का मंदिर से रवाना होगी। बैठक में पदयात्रा को सुव्यवस्थित और भव्य बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर दायित्व सौंपे गए। अध्यक्ष विजय बैंगलोर, उपाध्यक्ष अमित जोशी, मंत्री ताराचंद ठेकेदार व आशीष खाटूवाला, कोषाध्यक्ष विनोद जैन, सहकोषाध्यक्ष महेंद्र सैनी तथा महामंत्री के रूप में नवीन काछवाल, विनोद पाराशर और नरेंद्र दायमा को जिम्मेदारी दी गई। संगठन मंत्री पद पर राजेश जोशी, विक्रम सिंह तंवर और राकेश सेन को मनोनीत किया गया। व्यवस्थापक मंडल में सुशील पुजारी, विकास सैनी, राजेश बेदी, सुभाष पुजारी, मुरारी डीडवानिया, चिराग पुजारी, निखिल पुजारी, महेश चोटिया, अजय मंगलूणावाला, जयप्रकाश नरसास, प्रमोद सैनी, मयंक सैनी, विक्रम सैनी, हिमांशु सैनी और आलोक बिजारणिया को शामिल किया गया। संरक्षक के रूप में बजरंग गोटेवाले, सुरेश जाजोदिया, ललित भूत, अनिल मिश्रा, प्रमोद मंगलूणेवाले, गिरधारी लाल जाजोदिया और उपेंद्र मिश्रा को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं मातृशक्ति की कमान लक्ष्मी गौतम, सुमन शर्मा और विद्या देवी कुमावत को दी गई। बैठक में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपते हुए पदयात्रा को श्रद्धा, अनुशासन और भक्ति भाव के साथ संपन्न कराने का संकल्प लिया गया।

## श्री श्याम कीर्तनः गायक कलाकारों ने दी भजनों की प्रस्तुतियां

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** श्री श्याम सखी महिला मण्डल मण्डावा के तत्वाधान में शनिवार को वार्ड 17 में श्री श्याम कीर्तन महोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम दरबार की विशेष सजावट की गई और अखंड ज्योत जलाकर श्याम बाबा को प्रसाद भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य यजमान रतन लाल व सुमन देवी ने विशेष पूजा अर्चना कर और अखंड ज्योत प्रज्वलित करके किया। इसके बाद विशाल भजन कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कीर्तन की शुरुआत गणेश वंदना से की गई। विभिन्न कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से भक्तों को भावविभोर कर दिया। स्थानीय कलाकार सरोज सिंधानिया ने 'महारो बेड़ो पार लगा दिजे सालासर हनुमान...' गाकर सभी का दिल जीत लिया, 'मेरी लाज रखना...' प्रस्तुत किया। 'कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आणो है...' गाकर समां बांधा। सरोज मोदी ने 'आ लौट के आज हनुमान तुझे श्री राम बुलाते हैं...' और 'हे



दुख भंजन मारुति नंदन...' सुना कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्याम भक्त उमा हेमाणी ने 'राधे राधे बोल श्याम आयेंगे...' सुनाकर श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। आयोजकों ने आरती कर प्रसाद का वितरण किया। कार्यक्रम में श्री श्याम सखी महिला मण्डल की सदस्यों सहित अन्य व्यक्ति और हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा के काफिले में शामिल कार भिड़ी, बाल बाल बच्चे डिप्टी सीएम

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा शनिवार सुबह एक बड़े सड़क हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गए। घटना झुंझुनूं जिले के उदयपुरवाटी घाट के पास की है, जहाँ एक तेज रफ्तार अनियंत्रित गाड़ी डिप्टी सीएम के सुरक्षा काफिले में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि काफिले की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन सुरक्षा घेरे और ईश्वर की कृपा से उपमुख्यमंत्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा का काफिला जयपुर से झुंझुनूं की ओर जा रहा था। जब काफिला उदयपुरवाटी के घुमावदार घाट सेक्शन से गुजर रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार निजी गाड़ी ने नियंत्रण खो दिया और सीधे काफिले में सेंध लगाते हुए सुरक्षा वाहन से टकरा गई।

**डिप्टी सीएम पूरी तरह सकुशलः**
हादसे की सूचना मिलते ही जयपुर से लेकर झुंझुनूं तक प्रशासनिक अमले और पुलिस अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए। हालांकि, प्रारंभिक जांच के बाद राहत की खबर आई कि डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा को खरोंच तक नहीं आई है। वे अपनी गाड़ी में सुरक्षित थे। सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत तुरंत उनकी गाड़ी को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया और अन्य वाहनों की स्थिति की जांच की गई।

**भाजपा नेता की थी कार :**
जानकारी के मुताबिक काफिले के एस्कॉर्ट वाहन से टकराने वाली कार भाजपा नेता की थी। सामने आया है कि भाजपा नेता जेपी खटाना अपनी कार लेकर अचानक काफिले के बीच में घुस गए। इस दौरान काफिले में चल रही एस्कॉर्ट गाड़ी अनियंत्रित होकर उससे भिड़ गई। हादसे के वक्त डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा का वाहन सुरक्षित रूप से आगे निकल चुका था। इस हादसे से दोनों वाहनों की हेडलाइट्स और कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है।

**गुढ़ागौड़जी के दौरे पर थे डिप्टी सीएमः**
बता दें कि शनिवार को उपमुख्यमंत्री का झुंझुनूं जिले के गुढ़ागौड़जी में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम था। वे यहाँ एक निजी शिक्षण संस्थान के वार्षिकोत्सव में शिरकत करने जा रहे थे। सुबह 10:30 बजे उन्हें गुढ़ागौड़जी पहुंचना था।

कार्यक्रम के बाद दोपहर 12:30 बजे उनकी जयपुर के लिए रवानगी तय थी। हादसे के बावजूद उन्होंने अपने संकल्प और जिम्मेदारी को प्राथमिकता दी। विडंबना यह है कि इस डरावने हादसे से कुछ समय पहले ही डिप्टी सीएम का एनएच 52 पर रींगस में जोरदार स्वागत किया गया था। सालासर होटल के सामने विधायक सुभाष मील के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया था।

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT PATAN P.S. PATAN (SIKAR)**

S.NO. 268 DATE : 14.02.2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto Date 24.02.2026, 11:00 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in &http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of work is maximum RS : 4100000/-

UBN No.PKP2526WSOB00341

PRASHASHAK
G.P. PATAN

VDO
G.P. PATAN

**कार्यालय ग्राम पंचायत कातर छोटी पंचायत समिति बीदासर जिला (चूरू)**

क्रमाकः-ग्रा.प.का./खु.बो.नी.सु./241-44 दिनांक :- 09.02.2026

**खुली बोली नीलामी सुचना**

ग्राम पंचायत कातर छोटी में निम्नलिखित ईंट-खरंजो की सामग्री (जैसी मौके पर स्थित है उसी स्थिति में) की नीलामी हेतु खुली बोली का आयोजन किया जायेगा।

1 ईटू खरजा बीकर नोखा सड़क से मोहनसिह घर व सुरजन सिह के घर होते हुये करणी सिंह के घर तक कातर छोटी
2 ईन्ट खरजा पुरखाराम पड़िहार के बाद मनी। मुगनाराम के घर तक कातर छोटी
3 ईट खरजा मेघ सामुदायिक भवन से पाबुराम मेघवाल के घर तक कातर छोटी

इन भवनो तथा ईंट खरंजो की सम्पुर्ण सामग्री की नीलामी के लिए ग्राम पंचायत कातर छोटी पंचायत भवन पर खुली बोली का आयोजन किया जायेगी। जिसमे इच्छुक बोली दाता खुली बोली लगाकर नीलामी मे भाग ले सकेगा।

**नोटः- नियम व शर्ते**

1 नीलामी हेतु आवेदन दिनांक 16:02.2026 को प्रातः 10.30 बजे से 12.00 बजे तक आवेदन लिए जायेंगे।

2 सामग्री की नीलामी दिनांक 16.02.026 को 1.00PM से 2.30PM तक होगी।

3 नीलामी मे भाग लेने वाले व्यक्ति को आवेदन पत्र के साथ 200/- जमा करवाने होगें।

4 यह कि उच्चतम बोली लगाने वाले बोलीदाता के नाम से नीलामी छोडी जायेगी।

5 जिसके नाम बोली छूटेगी उसे मौके पर ही नीलामी की 30 प्रतिशत राशि जमा करवानी होगी तथा शेष राशि अगले दिन को जमा करवानी होगी ।

नीलामी का समस्त अधिकार क्षेत्र ग्राम पंचायत कमेटी को होगा।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कातर
छोटी पं.स.बीदासर (चूरू)

सरपंच
ग्राम पंचायत कातर
छोटी पं.स.बीदासर (चूरू)

## पुलवामा शहीदों की स्मृति में कैंडल मार्च, देशभक्ति नारों के साथ दी श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में शनिवार को गांधी पार्क सब्जी मंडी में कैंडल मार्च व भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शारदा देवी पब्लिक स्कूल धौलपुर के विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण ने भाग लेकर हाथों में कैंडल के साथ वीर जवानों के बलिदान को याद किया तथा देशभक्ति नारों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था प्रधान माखन सिंह निषाद ने कहा कि पुलवामा में शहीद हुए जवानों का बलिदान राष्ट्र के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को देशभक्ति, अनुशासन व राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर शिक्षक वंश शर्मा, सुभद्रा, शिवानी निषाद, पायल, मनीष कुमार सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद जवानों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और अंत में 'अमर शहीदों को शत-शत नमन' के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## भामाशाह के.सी. जैन ने गौशाला में किया पौधारोपण



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** मां के नाम समर्पित 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत लंदन प्रवासी व पाली जिले के खिंवादी गांव के मूल निवासी भामाशाह के.सी. जैन ने शनिवार को श्रीराम गौशाला परिसर में नीम व चीकू के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधारोपण के पश्चात के.सी. जैन ने विधिवत गौ-पूजन कर कहा कि मां के नाम एक पौधा लगाना सच्ची श्रद्धांजलि है और पौधरोपण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने आमजन से वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम गौशाला अध्यक्ष धीरज सांखला की प्रेरणा से आयोजित हुआ। सांखला ने कहा कि के.सी. जैन विदेश में रहकर भी अपनी जन्मभूमि, संस्कृति एवं गौ सेवा से जुड़े हुए हैं, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है। उनके सहयोग से गौशाला के सेवा कार्यों को निरंतर मजबूती मिल रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार, खीमाराम कुमावत, व्यवस्थापक पुखराज कुमावत सहित गौशाला कर्मचारी, गौभक्त नागरिक उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि के.सी. जैन पूर्व में भी पाली जिले की विभिन्न गौशालाओं में नकद दान, भवन निर्माण, प्याऊ स्थापना और एम्बुलेंस व टेंपो जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराकर गौ सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दे चुके हैं। कार्यक्रम का समापन गौ-पूजन व पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

## शहीद भागीरथ सिंह गुर्जर के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा, तिरंगा यात्रा निकाली

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** पुलवामा हमले में शहीद हुए जैतपुर गांव निवासी वीर सपूत भागीरथ सिंह गुर्जर के बलिदान दिवस पर शनिवार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने उनके साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रभक्ति को नमन करते हुए कहा कि उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव अमर रहेगा और देशवासियों को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी, पुलिस अधीक्षक विकास सागवान, सीआरपीएफ के अधिकारियों, जवानों सहित नागरिकों व ग्रामीणों ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने कहा कि शहीदों का बलिदान राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है, जिनके त्याग व समर्पण से देश की एकता व अखंडता सुरक्षित है। वहीं पुलिस अधीक्षक विकास सागवान ने कहा कि शहीद भागीरथ सिंह गुर्जर का साहस और देशभक्ति हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है तथा ऐसे वीर सपूतों को सदैव स्मरण रखना हम सबका कर्तव्य है। इस अवसर पर ओंडेला रोड से उनके निवास तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में शहीद के चाचा जरदान सिंह, समाजसेवी मलखान कसाना, प्रणव मुखर्जी, गिर्राज त्यागी, रामब्रज कसाना, लवन कसाना, प्रेमवीर चाहर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कैप्टन हाकिम सिंह त्यागी ने किया।

## भाजपा युवा मोर्चा ने विधायक रोहित बोहरा का पुतला फूंका

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में राजाखेड़ा विधायक रोहित वोहरा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विधानसभा सत्र के दौरान विधायक की ओर से किए गए अशोभनीय इशारों से सदन की गरिमा भंग हुई है, जिसकी प्रदेशभर में निंदा की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने इस कृत्य को जनप्रतिनिधि की मर्यादा के विपरीत बताते हुए उनकी विधानसभा सदस्यता निरस्त करने की मांग की। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री पुष्पेंद्र सिंह राजावत, नितिन कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष हेमंत त्यागी, विवेक रावत, योगेश प्रताप सिंह, गजेंद्र त्यागी, मनीष तोमर, हेमंत शर्मा, मानु परमार, हरेंद्र कुशवाहा, नीरज कुशवाहा, लव कुश, रामरूप गुर्जर, राजेश राहुल कुशवाहा, रामनरेंद्र कुशवाहा, धर्मेंद्र, विजयपाल, वीरसिंह, दीपक, हरिओम, सोनवीर, आकाश दिवाकर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स वीक क्रिकेट: 'जीत खेल की होनी चाहिए': एडीजे राकेश कुमार गोयल

### आज बार-बेंच के बीच फाइनल

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** अभिभाषक संघ धौलपुर की ओर से आयोजित स्पोर्ट्स वीक के अंतर्गत शनिवार को क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। मुख्य अतिथि अपर जिला व सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार गोयल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कहा कि मैच का परिणाम कुछ भी हो, जीत खेल की होनी चाहिए और बेहतर खेलने वाली टीम ही विजयी होती है। वरिष्ठ अधिवक्ता महेश मुदगल ने कहा कि बार-बेंच प्रतियोगिताएं आपसी मेल-मिलाप को बढ़ावा देती हैं। कोर्ट मैनेजर बृजेश शर्मा ने इसे सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से संबंधों में मधुरता आती है। अधिवक्ता जितेंद्र केन ने कहा कि धौलपुर में अधिवक्ताओं के लिए यह भव्य आयोजन पहली बार हो रहा है। पूर्व अभिभाषक संघ अध्यक्ष हरिशंकर मुदगल ने कहा कि लगातार एक सप्ताह तक मैचों का आयोजन सराहनीय है। रविंद्र मोदी ने खेलों को सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया, जबकि नितिन मोदी ने कहा कि स्पोर्ट्स वीक से अधिवक्ताओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। बृजेंद्र रावत ने आयोजन को सफल बताया। अभिभाषक संघ अध्यक्ष हरिओम शर्मा, महासचिव अरविंद सिंह गुर्जर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश त्यागी, उपाध्यक्ष हेमंत पचौरी, संयुक्त सचिव ब्रजेश सिंह बघेला, कोषाध्यक्ष विनय शर्मा, पुस्तकालय सचिव प्रशांत बघेल व ऑडिटर विवेक व्यास ने अतिथियों का स्वागत किया।

पहले सेमीफाइनल में अमित कमठान एकादश ने निर्धारित ओवर में 98 रन बनाए। प्रशांत ने 30 व दीपक सिकरवार ने 33 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए गौरव शर्मा एकादश 43 रन ही बना सकी और अमित कमठान एकादश 45 रन से विजयी रही। दूसरे मुकाबले में बेंच एकादश ने 64 रन बनाए, जबकि सैपऊ एकादश 52 रन ही बना पाई। बेंच एकादश 12 रन से विजयी रही। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को बार व बेंच के मध्य खेला जाएगा। प्रतियोगिता के निर्णायक रवि मोहन त्रिवेदी, विमल शर्मा, मोहम्मद जाकिर हुसैन, सौरभ गुर्जर, पूजा नरसल, शांति व गौरव वर्मा रहे।

## भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक संपन्न, किसानों की समस्याओं व युवा भागीदारी पर मंथन

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक को कृषि भवन, सब्जी मंडी परिसर स्थित चौपड़ा मंदिर में आयोजित की गई। बैठक मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामभरोसे बालोटिया, विशिष्ट अतिथि प्रांत संगठन मंत्री नीरज कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष नत्थी सिंह परमार, संभाग उपाध्यक्ष राजेंद्र गुर्जर, संभाग राजस्व प्रमुख लक्ष्मण सिंह चौहान व जिला अध्यक्ष महेश पाल सिंह परमार के सानिध्य में संपन्न हुई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामभरोसे बालोटिया ने अखिल भारतीय प्रवास के तहत धौलपुर जिले में आयोजित मासिक बैठक में भाग लेकर जिला कार्यकारिणी का मार्गदर्शन किया तथा सायं सैपऊ तहसील की तसीमो ग्राम समिति की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए। प्रदेश उपाध्यक्ष नत्थी सिंह परमार ने संगठन में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर देते हुए भगवान बलराम जी की वार्षिक शोभायात्रा निकालने का प्रस्ताव रखा। संभाग राजस्व प्रमुख लक्ष्मण सिंह चौहान ने ट्रेड डील एवं सोयाबीन व फलों के आयात से किसानों को होने वाली संभावित समस्याओं पर चिंता व्यक्त की। पूर्व तहसील अध्यक्ष बसेड़ी महेश परमार ने आवारा गौवंश से फसलों को हो रहे नुकसान के समाधान के लिए प्रशासन के समक्ष मुद्दा उठाने का सुझाव दिया। जिला मंत्री गणेशी लाल ने प्रत्येक तहसील के राजस्व ग्राम स्तर पर प्रभारी व सह-प्रभारी नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा। प्रांत संगठन मंत्री नीरज कुमार ने संगठन में युवाओं व मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा जिला स्तर पर युवा व महिला सम्मेलन आयोजित करने की आवश्यकता जताई। जिला अध्यक्ष महेश पाल सिंह परमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। बैठक में लक्ष्मी नारायण (वरिष्ठ कार्यकर्ता), गणेशी लाल (जिला मंत्री), अमर सिंह, अशोक सिकरवार (जिला प्रचार प्रमुख), मान सिंह गुर्जर (मंडी प्रमुख), महेंद्र त्यागी (नशा मुक्ति प्रमुख), अमर सिंह लोधा (जिला संरक्षण प्रमुख), रमेश सिंह (जिला कोषाध्यक्ष), अशोक पटेल (जिला सुरक्षा प्रमुख), डॉ. देवेश परमार (जिला कार्यकारिणी सदस्य), भारत सिंह सिसोदिया (जिला युवा प्रमुख), देवेंद्र सिंह (जिला कार्यकारिणी सदस्य), विजय परमार (तहसील अध्यक्ष सैपऊ), छोटेलाल (तहसील मंत्री बसेड़ी), अमित कुशवाह (तहसील युवा प्रमुख सैपऊ), रामभरोसी परमार, सुरेंद्र सिंह तोमर (तहसील अध्यक्ष बसेड़ी), लाखन सिंह, उमा शंकर त्यागी (तहसील अध्यक्ष राजाखेड़ा), ओमवीर सिंह सिकरवार (तहसील मंत्री राजाखेड़ा), गोविंद सिंह, ब्रजकिशोर सहित उपस्थित सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए।

## धौलपुर की 66 कॉलोनियों में सीवर संकट गहराया: नागरिकों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

### विशेष जांच दल गठित करने की मांग

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** नगर परिषद क्षेत्र की 66 कॉलोनियों में व्याप्त सीवर ओवरफ्लो, जलभराव और ड्रेनेज व्यवस्था के अभाव से हजारों नागरिक नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर नागरिकों की ओर से केंद्र व राज्य सरकार को भेजी गई हजारों परिवेदनाएं पिछले तीन वर्षों से लंबित हैं। इस संबंध में राष्ट्रपति सचिवालय से अप्रैल 2025 से नवंबर 2025 के बीच प्राप्त पत्रों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। नागरिकों का कहना है कि सीवर लाइन ओवरफ्लो होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। सड़कों के दोनों ओर नाले-नालियों का निर्माण नहीं होने तथा कचरे का नियमित उठाव नहीं होने से स्थिति और भी विकट हो गई है। चंबल नदी में गिरते गंदे पानी के नालों व प्राकृतिक जल बहाव क्षेत्र के नदी-नालों, नहरों, रास्तों व सार्वजनिक भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण के कारण जल निकासी पूरी तरह बाधित हो रही है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि जल बहाव अवरुद्ध होने की समस्या की जांच राज्य स्तर पर विशेष दल गठित कर कराई जानी थी, लेकिन राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों की जांच उन्हीं विभागीय अधिकारियों से कराई गई, जिनकी कथित अनदेखी व मनमर्जी के चलते समस्या उत्पन्न हुई। पटवारी, भू-अभिलेख निरीक्षक व नगर परिषद आयुक्त स्तर से तैयार की गई जांच रिपोर्ट को काल्पनिक बताते हुए सरकार को गुमराह करने का आरोप लगाया गया है। ड्रेनेज सिस्टम में सुधार के लिए 260 करोड़ रुपए का प्रस्ताव 27 जनवरी 2025 को राज्य सरकार को भेजा गया था, लेकिन अब तक स्वीकृति नहीं मिलने से कार्य आदेश जारी नहीं हो सके हैं। बताया गया कि समस्याओं के समाधान का आश्वासन बजट स्वीकृति के बाद दिया गया था, लेकिन दो वित्तीय वर्ष बीत जाने के बावजूद विधानसभा में इस संबंध में कोई बजट प्रावधान नहीं किया गया है, जिससे आमजन में निराशा बढ़ रही है।

मुस्कान समिति ने राष्ट्रपति, राज्यपाल, केंद्र व राज्य सरकार को भेजे गए ज्ञापन में नागरिकों के मूलभूत अधिकारों की रक्षा हेतु राज्य स्तर पर विशेष जांच दल गठित करने तथा वॉटर ड्रेनेज सिस्टम के लिए प्रस्तावित बजट को शीघ्र स्वीकृत करने की मांग की है। समिति के अनुसार 66 कॉलोनियों के करीब 7 हजार मकानों में निवासरत लगभग 80 हजार नागरिक सीवर के गंदे पानी के बीच रहने को विवश हैं, जिससे जनस्वास्थ्य के साथ-साथ जान-माल का खतरा भी लगातार बना हुआ है।

## नगर परिषद की लापरवाही उजागर: कर्मचारी को क्रेन से लटकाकर दुकान की छत पर चढ़ाया

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें एक कर्मचारी को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के क्रेन के सहारे दुकान की छत पर चढ़ाया जा रहा है। वीडियो के वायरल होने के बाद नगर परिषद की सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर चिंताएं जताई जा रही हैं। जानकारी के अनुसार कुछ समय पूर्व नगर परिषद ने जगन चौराहे से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के तहत दो लोहे की दुकानों को हटाया था। दुकानों के मालिक लखनलाल एवं ठाकुर मिष्ठान भंडार द्वारा इस कार्रवाई के खिलाफ अदालत में याचिका दायर की गई थी। बताया जा रहा है कि कोर्ट के अंतिम निर्णय से पूर्व ही नगर परिषद ने दोनों दुकानों को उनकी पूर्व स्थिति में पुनः स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। दुकानों को ट्रैक्टर पर चढ़ाने के लिए कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया था, जिन्हें दुकानों के ऊपर रस्सी बांधनी थी। मौके पर सीढ़ी उपलब्ध नहीं होने के कारण एक कर्मचारी को क्रेन के सहारे दुकान की छत पर चढ़ाया गया। वीडियो में कर्मचारी बिना हेलमेट, सुरक्षा बेल्ट या अन्य सुरक्षा उपकरणों के ऊंचाई पर खड़ा दिखाई दे रहा है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रही।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार की कार्रवाई से कर्मचारी की जान को जोखिम में डाला गया है। वीडियो सामने आने के बाद नगर परिषद के सुरक्षा मानकों पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गए हैं। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान भी न्यायालय के आदेशों की अवमानना का मामला सामने आया था।

फिलहाल इस संबंध में नगर परिषद की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## बिजली बिल बकाया पर निगम की कार्रवाई: 37 कनेक्शन काटे, 60 लाख की वसूली प्रक्रिया शुरू

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** अधीक्षण अभियंता गोविंद सिंह के निर्देशानुसार जेवीवीएनएल उपखंड राजाखेड़ा में सहायक अभियंता आनंद तिवारी के नेतृत्व में शनिवार को बकाया बिजली बिल धारकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। निगम की टीम ने विभिन्न गांवों में अभियान चलाकर बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं के मीटर व केबल हटाकर विद्युत आपूर्ति स्थायी रूप से बंद की। कार्रवाई के दौरान कसियापुरा, बाजना, सिलावट, सिंघावली, डोंगरपुर, श्रीनगर, विडार, राजाखेड़ा शहर, रांडोली, कुशैंडा, जलालपुर शाहपुरा, चपरौली एवं हथवारी सहित अन्य गांवों में करीब 60 लाख रुपए की बकाया राशि पर 37 कनेक्शनों को डिस्कनेक्ट किया गया। वहीं मौके पर ही उपभोक्ताओं से लगभग 3 लाख रुपए की राशि जमा करवाई गई। इसके अलावा मरैना कस्बे से करीब 40 अवैध केबल भी जब्त की गईं। सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा कराने की अपील करते हुए मुख्यमंत्री निःशुल्क विद्युत योजना के तहत सोलर पंजीकरण करवाकर 150 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विद्युत तंत्र से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी। अभियान में कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा, विशाल जायसवाल, रणवीर सिंह मूंड, वरिष्ठ तकनीशियन अवधेश कुमार शर्मा, सोनेश कुमार, संजय पचौरी, वीरेंद्र सिंह, अयूब खां, राजकुमार, राजू गिरी, गोपाल कुशवाह, जगदीश सिंह लोधी सहित तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विशेष लोक अदालत में 6 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का राजीनामे से निस्तारण

### 7.75 लाख के अवार्ड पारित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर के निर्देशन में शनिवार को तालुका विधिक सेवा समिति, राजाखेड़ा की ओर से विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत का आयोजन किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति, राजाखेड़ा के अध्यक्ष व सिविल न्यायाधीश व न्यायिक मजिस्ट्रेट आकाश शर्मा की अध्यक्षता में गठित बैंच की ओर से भारतीय स्टेट बैंक के कुल 60 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों पर विचार किया गया। इनमें से 6 प्रकरणों का आपसी राजीनामे के माध्यम से सफल निस्तारण करते हुए कुल 7 लाख 75 हजार 300 रुपए के अवार्ड पारित किए गए। इस अवसर पर लोक अदालत पीठ के सदस्य अधिवक्ता होतम सिंह जादौन, तालुका सचिव अंकित मंगल, भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारी संत कुमार, रामवतार, संतोष, दुर्गेश एवं शाखा प्रबंधक सहित पक्षकार उपस्थित रहे। सभी प्रकरणों का निस्तारण आपसी सुलह व समझाइश के माध्यम से कर पक्षकारों के मध्य भाईचारा ए व सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया गया।

# पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय धौलपुर में दादा-दादी, नाना-नानी दिवस का आयोजन

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय धौलपुर में 'दादा-दादी, नाना-नानी दिवस' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के दादा-दादी व नाना-नानी को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। विद्यालय परिवार ने पारंपरिक तिलक व पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ—गीत, नृत्य, कविताएँ व लघु-नाटिकाएँ—प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने अपने दादा-दादी व नाना-नानी के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता को भावपूर्ण शब्दों में व्यक्त किया। सर्वप्रथम अंजू कुमारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा सभी के समक्ष प्रस्तुत की। विद्यालय के प्राचार्य मन्मथ कुमार शर्मा ने विद्यालय में उपस्थित सभी ग्रैंडपेरेंट्स का स्वागत किया और आगे अपने संबोधन में कहा कि परिवार में दादा-दादी व नाना-नानी का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके स्नेह, अनुभव और मार्गदर्शन से बच्चों के व्यक्तित्व का समग्र विकास होता है। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को पीढ़ियों के बीच संवाद और आत्मीयता बढ़ाने का सशक्त माध्यम बताया। इस अवसर पर अतिथियों में मूंगाराम शर्मा व कई वरिष्ठ ने अपने जीवनानुभव साझा करते हुए बच्चों को संस्कार, अनुशासन और पारिवारिक मूल्यों का महत्व बताया। इस दौरान दादा-दादी ने भी बच्चों के साथ पूरे उत्साह से इन गतिविधियों में हिस्सा लिया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में कक्षा दूसरी में अध्ययनरत विवांश व शौर्य की दादी विद्यादेवी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह आयोजन उन्हें बचपन और पारिवारिक मूल्यों की याद दिलाता है। उपस्थित अभिभावकों ने स्कूल की शिक्षण पद्धति की सराहना करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास, गुरु-शिष्य परंपरा के पुनर्जीवन और नीति, धर्म, दर्शन और संस्कार की शिक्षा पर बल दिया। इस अवसर पर दादियों व नानियों के लिए नींबू-चम्मच दौड़ और दादा-नानाओं के लिए म्यूजिकल चेयर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति-चिन्ह व शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। बच्चों और उनके अभिभावकों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे भावनात्मक रूप से अविस्मरणीय बताया। विद्यालय परिवार ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रेरक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन अंजू कुमारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मुकेश वर्मा ने किया गया। उन्होंने कहा कि दादा दादी ही सही मायनों में हमारी सांस्कृतिक परम्पराओं के सच्चे वाहक हैं जो कि बच्चों में संस्कार अंकुरित करने का काम करते हैं। इस अवसर पर दीपक कुशवाह, नीरज दिनकर माधवेन्द्र,रामनिवास मीना, कुल वीर सिंह, दीपिका,सोनम शर्मा, अनीता, धर्मेंद्र जांगिड़, हेमंत मीना, ममता वंदना त्यागी, गुंजन शर्मा जयदीप लवानिया व नवीन आदि मौजूद रहे

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
15 फरवरी, 2026

## नशा मुक्ति के संकल्प के साथ मनाई शिवरात्रि



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय लुहारगाड़ा स्थित प्रजापति ब्रह्म कुमारी सेवा केंद्र में शनिवार को सुबह 90 वी शिव जयंती केंद्र के परिसर में प्रभारी बीके सुप्रभा के सानिध्य में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत परमात्मा शिव का झंडारोहण कर व्यसन मुक्त रहने व दूसरों को व्यसन मुक्ति दिलाने की प्रतिज्ञा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बीके शिल्पा ने अतिथियों का आत्म स्मृति तिलक लगाया। कुमारी गुनु व दिशू ने नृत्य कर परमात्मा का संदेश दिया। बी के सुप्रभा ने बताया कि शंकर के समान तपस्या कर जीवन की बुराइयों को नष्ट करना है, वही शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य है। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ोदा के मेनेजर सुधीर कुमार, करणी सिंह शेखावत, गिनी देवी प्रजापत, बजरंग सैन, गणेशाराम, गीता देवी प्रजापत, बोबासर सरपंच प्रतिनिधि आनन्द सिंह, मांगीलाल चोरडिया, विनोद कुमार सैनी, सीताराम शर्मा, महेंद्र कुमार योगी, रामकिशन जांगिड़, बाबूलाल जोशी, राजकुमार प्रजापत, अवतार सिंह, लक्ष्मी नारायण सोनी सहित अनेक शिव भक्त उपस्थित रहे।

## पुलवामा के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय सोना देवी सेठिया स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना व एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में ब्लैक डे के अवसर पर पुलवामा हमले में शहीद हुए भारतीय सेना के 40 वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. साधना सिंह व उपप्राचार्या डॉ. जयश्री सेठिया व समस्त स्टॉफ सदस्यों तथा छात्राओं ने शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा और उनकी वीरता व बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस इकाई प्रथम कार्यक्रम अधिकारी संजय वर्मा व इकाई द्वितीय अधिकारी चन्द्रप्रकाश गुर्जर सहित समस्त महाविद्यालय स्टॉफ सदस्य और छात्राएं उपस्थित रही।

## नवीन तहसील परिसर में स्टाम्प विक्रेताओं के लिए स्थान आवंटन की मांग

### बजट में नवीन तहसील भवन निर्माण की घोषणा



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के तहसील परिसर में कार्यरत स्टाम्प विक्रेताओं की एक आवश्यक बैठक शनिवार को आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नवीन तहसील परिसर में स्टाम्प विक्रेताओं के बैठने के लिए समुचित भूमि, स्थान आवंटित किए जाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर चूरू के नाम से तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। स्टाम्प विक्रेताओं ने कहा कि वह लंबे समय से तहसील परिसर में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं और आमजन को स्टाम्प उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। नवीन तहसील परिसर में उनके लिए बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं होने से कार्य प्रभावित होने की संभावना है। 50 स्टाम्प विक्रेताओं के लिए उचित स्थान आवंटित करने की मांग की जाएगी। बैठक में अध्यक्ष भरत कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष नवरत्न मल भाटी, कोषाध्यक्ष ओम सिंह शेखावत, सचिव राजेंद्र चौहान, मीडिया प्रभारी हरिमोहन भोजक, संजय पंवार, अक्षय भोजक, ताराचंद सैनी, बाबूलाल माली, धर्मसिंह, खुशी मोहम्मद, चिमन सिंह, बजरंगदास स्वामी, मनोज कुमार माली, मोहम्मद सलीम आदि स्टाम्प विक्रेता की उपस्थित रहे।

## हिंदू सम्मेलनः कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर की पौद्दार बगीची में विवेकानंद बस्ती की ओर से शनिवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन से पूर्व परमाणाताल स्थित रामस्नेही मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जो मोहल्ले के प्रमुख मार्गों से होती हुई पौद्दार बगीची पहुंची। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित देवेश जोशी के स्वास्ति वाचन के साथ हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से संचालित संस्कार केंद्र की बालिकाओं ने गणेश वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वहीं आदर्श विद्या मंदिर व नवोदयन स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अयोध्या के संत रामकिशोर शरण महाराज ने कहा कि हिंदू समाज में जातिगत भेदभाव नहीं होना चाहिए। जाति भेद राजनीतिक षड्यंत्र का परिणाम है, जिसे समाप्त करने की आवश्यकता है। स्वयंसेवक संघ के प्रांत सेवा प्रमुख सूर्य प्रकाश ने कहा कि माताओं के जागृत होने से दो परिवारों का उत्थान होता है तथा 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना भारतीय संस्कृति की पहचान है। सम्मेलन को संत मोलीसर बड़ा के संत सुखदेवाचार्य व गायत्री परिवार की नीलम गौड़ ने भी संबोधित किया। आयोजन समिति अध्यक्ष जयप्रकाश ताम्रायत ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत कर सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# परिवार को कमरों में बंद कर लाखों के जेवरात ले गए बदमाश

जयपुर टाइम्स



**सालासर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती गांव पार्वतीसर में शुक्रवार देर रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए परिवार के सदस्यों को कमरों में बाहर से बंद कर लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय गुमान सिंह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। पीड़ित गुमान सिंह ने बताया कि वे रात करीब 2 बजे तक जाग रहे थे, जिसके बाद सो गए। इसी दौरान चोर टॉयलेट-बाथरूम के रास्ते छत पर चढ़कर हवेली में प्रवेश कर गए। चोरों ने परिवार के सभी सदस्यों के अलग-अलग कमरों की बाहर से कुंडी लगाकर वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद एक कमरे में रखा बक्सा उठाकर मकान से करीब 200 मीटर दूर स्थित मुक्तिधाम में ले गए, जहां बक्से में रखे लाखों रुपए के आभूषण चोरी कर कपड़े वहीं छोड़कर हाईवे की ओर फरार हो गए। सुबह करीब साढ़े 5 बजे बच्चे के रोने पर परिजनों ने कमरे खोलने चाहे तो बाहर से कुंडी लगी मिली। इसके बाद सरपंच प्रतिनिधि महावीर सिंह पार्वतीसर को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचकर उन्होंने कमरों के ताले खुलवाए तथा सालासर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सीआई सुभाष विश्नोई पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार चोर दो आड़, दो पूंछी, दो बंगड़ी, पांच नाग अंगूठियां, चार पुरुष व एक महिला की अंगूठी, एक जोड़ी लॉन्गा, दो गले के लॉकेट, एक जोड़ी पुरुष लूंग, 10 नग चांदी की चूड़ियां, एक जोड़ी पाजेब तथा दो चांदी के सिक्के सहित लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। सालासर सीआई सुभाष विश्नोई ने बताया कि चोरी की वारदात के खुलासे के लिए टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## राष्ट्र विरोधी सोच का मुकाबला कर सांस्कृतिक चेतना जागृत करना ही हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्यः रविनाथ महाराज

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निस)।** स्थानीय इंद्रमणी पार्क में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से श्रीराम बस्ती का विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिसाऊ के गणेशनाथ आश्रम के महंत रविनाथ महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झुंझुनूं विभाग के धर्म जागरण संयोजक सत्यवीर सहारण, वरिष्ठ अधिवक्ता कानसिंह राठौड़, डॉ शीला भार्गव, सेवानिवृत प्रधानाचार्य सत्यनारायण उपाध्याय, जयसिंह पूनिया मंचस्थ अतिथि रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का प्रतीक चिन्ह् प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर रविनाथ महाराज ने कहा कि विराट हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना, सनातन संस्कृति का संरक्षण, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और राष्ट्र निर्माण में हिंदू शक्ति की भूमिका को मजबूत करना है। ये सम्मेलन जातिवाद को समाप्त करने, राष्ट्र विरोधी सोच का मुकाबला करने और सांस्कृतिक चेतना जागृत करने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। सत्यवीर सहारण ने बताया कि सांस्कृतिक चेतना, हिंदू संस्कृति, संस्कारों और परंपराओं का संरक्षण व प्रसार वर्तमान की आवश्यकता है। उन्होंने पंच परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत की प्रगति के लिए परिवार प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य और समरसता को बढ़ावा देना आवश्यक है। इससे पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के महिला-पुरूष उपस्थित रहे। श्रीवल्लभ अग्रवाल ने प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश मील ने किया। कानसिंह राठौड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## राजनीति में धार्मिक सिद्धांतों की है आवश्यकता

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय दुलिया बास स्थित ब्रज धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में व्यास पीठ पर विराजमान श्री दशनाम सन्यास आश्रम गूलर धाम के श्री महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने कहा कि जब-जब पाप,अपराध, अत्याचार, अधर्म बढ़ता है तब-तब धर्म की स्थापना के लिए भगवान अवतार लेते हैं। स्वामी कानपुरी महाराज ने वर्तमान सिद्धांत विहीन राजनीति पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि आज की राजनीति सिर्फ सत्ता प्राप्ति के लिए प्रतिस्पर्धा के दौड़ में दिशाहीन हो गई है। महाराज ने कहा कि सनातन धर्म के सभी ग्रंथ संपूर्ण विश्व के जीव मात्र के कल्याण की कामना करता है।

बृज धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत शेखावाटी व सुजलांचल के दर्जनों संत-महात्माओं का महासंगम हुआ। श्रीमद् भागवत कथा में स्वामी ओम दास महाराज अड़कसर, महावीर जती महाराज गाडोदा, श्याम सुंदर दास महाराज, मुक्ति नाथ महाराज मीरण धाम, संजयानंद महाराज बीदासर, प्रेम दास महाराज, रघुवीर दास महाराज,भैर दास महाराज, साध्वी मगन बाईसा, सुगना बाईसा सहित अन्य संतों का सानिध्य रहा। किशोर दास स्वामी ने बताया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आज महाशिवरात्रि पर विद्वान पंडित जनों के आचार्यत्व में भगवान शिव का अभिषेक, रात्रि को सुजलांचल प्रसिद्ध कलाकारों की ओर से भजन संध्या व 16 फरवरी सोमवार को 11 कुंडिय महायज्ञ का आयोजन होगा। कार्यक्रम में भोल दास स्वामी,भवरदास स्वामी, सावर दास स्वामी, गिरधारी लाल स्वामी, पूनम चंद प्रजापत, जगदीश प्रजापत, भंवरलाल बगराणीया, बालचंद बगराणीया, भागीरथ स्वामी, गिगराज प्रजापत, नवरंग लाल प्रजापत, रूपाराम मेघवाल, अर्जुन राम राठी, भागीरथ बागरानिया, रामचंद्र स्वामी, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, प्रहलाद जाखड़, उमाकांत लाटा,रमन स्वामी, गोपाल दास आबसर, इन्द्र दास स्वामी, छोटू दास स्वामी, मोहन लाल प्रजापत, भागीरथ स्वामी, बीरबल प्रजापत, अशोक सांखला सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## साधना-सत्संग व नाम दीक्षा का महाआयोजन 17-18 को, तैयारियों को लेकर बैठक में चर्चा

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के पुलिस थाने के पीछे स्थित सरस्वती विद्यालय के प्रांगण में श्री रामशरणम सत्संग हॉल में 17 व 18 फरवरी को खुला साधना सत्संग व नाम दीक्षा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा हैं। आयोजन को सफल बनाने को लेकर बैठक में तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। सभी साधकों को अलग अलग ज़िम्मेदारियां सौंपी गई। वरिष्ठ साधक ओमप्रकाश सैनी ने बताया कि आयोजन परम आदरणीय संत शिरोमणि स्वामी सत्यानंद महाराज, परम पूज्य संत प्रवर्तक प्रेम जी महाराज व परम श्रद्धेय ब्रह्मलीन डॉ विश्वामित्र जी महाराज की असीम अनुकंपा से संपन्न होगा। आयोजन का शुभारंभ 17 फरवरी को प्रातः 6:45 बजे ध्यान व कीर्तन के साथ होगा। इसी दिन प्रातः 9:30 बजे से 11:00 बजे तक अमृतवाणी का सामूहिक पाठ, भजन, प्रवचन व नाम दीक्षा दी जाएगी। 18 फरवरी बुधवार को सायं 4:15 बजे सामूहिक पाठ, भजन एवं आरती के साथ खुले साधना सत्संग का समापन किया जाएगा। वरिष्ठ साधक ईश्वर प्रजापत ने बताया कि नाम दीक्षा पूर्णतः सरल व सहज है। जिसमें कोई आडंबर, बंधन, गुरु-दक्षिणा या विशेष पूजा का विधान नहीं है। केवल साधना करने व राम-नाम जपते रहने का संकल्प कराया जाता है। सत्संग में सहभागिता के लिए साधकों से भक्ति प्रकाश व श्रीमद्भगवद्गीता ग्रंथ साथ लाने तथा प्रत्येक बैठक से 15 मिनट पूर्व सत्संग हॉल में पहुंचने का आग्रह किया गया हैं। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं व साधकों से इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की हैं। बैठक में सांवरमल पारीक, ईश्वर प्रजापत, दिनेश सोनी, चन्दन सैनी, बाबूलाल, हरिप्रसाद राकेश सैनी, गोरीशंकर, मनीष सैनी, रोहित, चंद्रकला स्वामी, माया शर्मा, रितु राठौड़ आदि मौजूद रहे।

## मनरेगा बचाओ अभियान के तहत ग्रामीणों को किया जागरूक

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** कांग्रेस की ओर से देश में चलाएं जा रहे नरेगा बचाओ अभियान के तहत विधायक अनिल शर्मा की अनुशंसा पर शनिवार को गांव बरलाजसर में जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की तरफ से मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व चूरू जिला प्रभारी डॉ डीके मेघवाल ने ग्रामणीवासियो को मनरेगा एक्ट के बारे में बताया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जवारा राम मेघवाल ने की। जिलाध्यक्ष एडवोकेट सुरेश कल्ला ने मनरेगा में किया गए बदलाव के बारे मे विस्तृत रूप से बताया और नरेगा को बचाने का आह्वान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट सुनील मेघवाल झारिया ने कहा की केंद्र सरकार मनरेगा मे मजदूरो के साथ कुठाराघात कर रही है। इसको अपने को समझना पड़ेगा। नगर अध्यक्ष गौरव कुरील ने आने वाले पंचायत चुनाव में सभी को एक होकर कांग्रेस को विजय बनाने का आह्वान किया। देहात अध्यक्ष कालूराम मेघवाल ने आए हुए सभी अथितियों का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने अध्यक्ष गौरव कुरील व कालूराम मेघवाल का स्वागत किया। इस अवसर पर किशनाराम देराजसर, सुगना राम, सम्पत मेव, चेतन मेव, राजकुमार, राजेंद्र, श्रवण, गजेंद्र मेव, राजेश बजाड, सूरज गड़वाल, महेंद्र मेव, मेनपाल मेव, भेरूराम बेगड़, रामकुमार मेहरा, शंकर लाल, महेश मेहरा, चोथूराम मेव सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** सीबी मुरारका चेरीटेबल ट्रस्ट की ओर से पावरहाऊस रोड स्थित मुरारका बगीची में निर्मित लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर का लोकार्पण शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और घंटियों की अनुगूंज से पूरा परिसर शिवमय हो उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अनिल काशी मुरारका ने नगर विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक केंद्रों का निर्माण सामाजिक एकता और सांस्कृतिक जागरण का आधार होता है। अन्य वक्ताओं ने भी नगर विकास व आध्यात्मिक उत्थान के क्षेत्र में मुरारका परिवार के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम को विप्र कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य पवन बुटोलिया, राजेंद्र तुलस्यान, श्रीकांत मुरारका, जयप्रकाश सरावगी, पुरुषोत्तम मिश्रा, राजकुमार खीरवेवाल, नगर अध्यक्ष ललित पंवार व ललित पुरोहित सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। लोकार्पण से पूर्व गुरुवार रात्रि को मंदिर परिसर में भव्य हवन का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने आहुति अर्पित कर नगर की शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने पुष्प अर्पित कर भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि और नगर की उन्नति की प्रार्थना की। इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक छगन शास्त्री, भाजपा आईटी सेल प्रभारी कमल सुरोलिया, दीपक जाजोदिया, संदीप बजाज, अनिल मिश्रा, कमल तोदी, सुरेश बजाज, कमल शर्मा, मुरारी महर्षि, विनय जालान, दीनदयाल जोशी, सुरेश बीबीपूरिया सहित अनेक उपस्थित रहे।

## एडवोकेट कृष्ण सैनी बने नवलगढ़ नगर मंत्री

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला झुंझनू की नगर इकाई की घोषणा सोमवार दोपहर को नवलगढ़ में की गई। जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के झुंझनू जिले के जिला संगठन मंत्री भवानी सिंह का प्रवास रहा। भवानी सिंह ने कहा विद्यार्थी परिषद देश का ही नहीं अपितु विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, यह छात्र/छात्राओं के लिए कार्य करता हैं, कॉलेज में आ रही छात्र छात्राओं की समस्याओं के लिए काम करता हैं। विद्यार्थी परिषद की स्थापना 9 जुलाई 1949 को होती है उस समय विद्यार्थी परिषद में 5/7 कार्यकर्ताओं के साथ शुरुआत होती है और आज विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन के रूप में जाना जाता है, यह कार्यकर्ताओं का निरंतर कार्य करने की शैली से हुआ हैं। आज विद्यार्थी परिषद की सदस्यता 7900000 के आंकड़े को छू कर एक नया आयाम स्थापित कर रही हैं। पूर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य विशाल सोलंकी ने विद्यार्थी परिषद के बारे में बताते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद युवाओं को फोन से दूरी बनाने के लिए स्क्रीन टाइम टू ग्रीन टाईम जैसा अभियान पूरे देश भर में चला रही हैं जिससे युवाओं को फोन से दूरी बनाते हुए प्रकृति से प्रेम करना सिखा रही हैं। जिला संगठन मंत्री ने नगर कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए नगर मंत्री एडवोकेट कृष्ण सैनी, नगर सहमंत्री नैंसी सुरोलिया, नगर सह मंत्री दिग्विजय सिंह, नगर सह मंत्री नीतेश खेदड़, एसएफडी संयोजक योगीराज सिंह, एसएफएस संयोजक मोनू चौधरी, सह संयोजक निशांत, आरकेएम संयोजक शुभम कुमावत, खेलो भारत प्रमुख एजाज कायमखानी, सह प्रमुख आर्यन शर्मा, छात्रावास सर्वेक्षण अभियान संयोजक उमेश कुमार, नगर एनएसएस संयोजक सचिन तुनगरिया को बनाया गया। इस अवसर पर अभाविप के पूर्व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## थानाधिकारी को दिया परिवाद

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** एक दिन पहले ही एडीएम कार्यालय में महावीर पोसवाल के समर्थन में हुए प्रदर्शन को लेकर कोतवाली थानाधिकारी को एडवोकेट राजेंद्र सोनी ने परिवाद दिया है। परिवाद में एडवोकेट राजेंद्र सोनी ने बताया है कि 13 फरवरी को मैं कोतवाली थाने में न्याय प्राप्त करने के लिए गया था। लेकिन वहां पर पहले से ही करीब 100 लोगों की भीड़ एकत्रित हो रखी थी। जिसके कारण कोतवाली सीआई से नहीं मिल पाया और न्याय में बाधा पहुंची। इसलिए मामले में नियमानुसार बीएनएस की धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जाए।

# जिला कलेक्टर की पहल पर जयपुर में कैम्पस प्लेसमेंट शिविर 17 को

**20 निजी नियोजक 700 से अधिक रिक्तियों पर योग्य अभ्यर्थियों का करेंगे चयन**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** भजनलाल शर्मा की मंशानुसार युवाओं को अधिकाधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय, जयपुर की ओर से 17 फरवरी को सिरसी रोड स्थित भूषण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया जाएगा। विभाग की उपनिदेशक नवरेखा ने बताया कि इस शिविर में निजी क्षेत्र के संस्थान भाग लेकर रोजगार, स्वरोजगार, प्रशिक्षण व कैरियर मार्गदर्शन से संबंधित अवसर प्रदान करेंगे तथा योग्य अभ्यर्थियों का मौके पर चयन किया जाएगा।

उन्होंने जानकारी दी कि निर्माण, रिटेल, स्टाफिंग, मार्केटिंग, कॉल सेंटर सहित विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित 20 निजी नियोजक लगभग 700 रिक्तियों के साथ इस शिविर में भाग लेंगे। यह आयोजन युवाओं के लिए एक सशक्त रोजगार मंच सिद्ध होगा। नवरेखा के अनुसार दसवीं, बारहवीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा व आईटीआई सहित विभिन्न योग्यताओं वाले अभ्यर्थियों के लिए अवसर उपलब्ध रहेंगे। सभी पात्र अभ्यर्थियों से आग्रह है कि वे अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों के साथ शिविर में उपस्थित होकर अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।